जल संसाधन विभाग
बिहार सरकार
आदेश सं०– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10/02/25

आदेश


योजनाओं के गुणवत्ता प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया

1.0 प्रस्तावना

बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा वृहद् पैमाने पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य एवं सिंचाई योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाता है। राज्य की समृद्धि एवं विकास में इन योजनाओं की अहम भूमिका है। इसलिए यह आवश्यक है कि इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन वांछित गुणवत्ता के साथ कराया जाय। निर्धारित मानकों के अनुरुप कार्य का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ प्रबंधन आवश्यक है, ताकि निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति हो सके। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए गुण नियंत्रण हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार किया गया है।

मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का गठन गुण नियंत्रण में संलग्न अभियंताओं तथा योजनाओं के कार्यान्वयन में सम्बद्ध पदाधिकारियों को विशिष्टताओं तथा मानकों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करने के उदेश्य से किया गया है। इसमें जल संसाधन विभाग के तहत कराये जा रहे कार्यों सम्बन्धी दिशा-निर्देश एवं कार्य में प्रयुक्त सामग्रियों की जाँच सम्बधी प्रकाशित मानकों को सूचीबद्ध किया गया है।

2.0 **संगठनात्मक संरचना :** जल संसाधन विभाग अंतर्गत गुण नियंत्रण कार्यालयों की संगठनात्मक संरचना निम्नवत है :-



3.0 **गुणवत्ता जाँच हेतु मानक** : गुणवत्ता जाँच हेतु विभिन्न प्रकार के I.S. Code, I.R.C. Code इत्यादि का प्रयोग किया जाता है, जिन्हे परिशिष्ट-I पर संलग्न किया गया है।

4.0 **जाँच प्रयोगशाला** : जल संसाधन विभाग के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन से संबंधित सभी कार्यों के गुण नियंत्रण की जाँच क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल स्थित प्रयोगशालाओं में किया जाता है। इन प्रयोगशालाओं में विभिन्न नमूनों के जाँच की निम्नवत व्यवस्था है:-

4.1 **क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला** : जल संसाधन विभाग अंतर्गत कुल 15 अदद क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला अवस्थित है। इन क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में सभी मूल्य के योजनाओं से सम्बंधित नमूनों की जाँच की व्यवस्था रहेगी, जो निम्नवत है:-

4.1.1 बाढ़ प्रक्षेत्र के कार्यों के गुण नियंत्रण हेतु प्रत्येक बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण मुख्य अभियंता के कार्यक्षेत्र अंतर्गत एक-एक प्रयोगशाला यथा कुल 6 अदद प्रयोगशाला स्थापित है, जो निम्नवत है :-

(i) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, गोपालगंज

(ii) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, मुजफ्फरपुर

(iii) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, समस्तीपुर

(iv) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, वीरपुर

(v) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, कटिहार

(vi) गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, पटना

इन प्रयोगशालाओं में सभी योजनाओं से सम्बंधित बिटुमिन एवं स्टील के नमूनों को छोड़कर अन्य सभी नमूनों की जाँच का कार्य किया जायेगा। इन क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में निम्नांकित जाँच की सुविधा उपलब्ध है :-

(i) **Test for Soil** : Compaction Test, Atterberg Limit, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test

(ii) **Test for Cement** : Sp. Gravity Test, Soundness Test, Initial Setting Time, Final Setting Time, Compressive Strength of Cement

(iii) **Test for Sand** : Sieve Analysis, Sp. Gravity Test

(iv) **Test for Coarse Aggregate** : Sieve Analysis, Abrasion Test, Sp. Gravity Test, Agg. Impact Test, Water absorbtion, Flakiness Index and Elongation Index.

(v) **Test for Concrete** : Compressive Strength, Slump Test on Site

(vi) **Test for Brick** : Physical Appearance, Dimension, Compressive Strength, Water Absorption Test

(vii) **Test for G.S.B.** : Sieve Analysis, Compaction Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Impact Value Test, Atterberg Limit

(viii) **Test for W.M.M.** : Sieve Analysis, Compaction Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Abrasion Test, Impact Value Test, Atterberg Limit

(ix) **Test for E.C. Bag** : Physical Test (Size, Mass/area), Trapezoidal Tear Test, Wide Width Tensile Strength, Elongation Test (Both Direction), Seam Strength Test

(x) **Test for Geo Bag & Mega Geobag** : Physical Test (Size, Mass/area), Thickness Test, Wide Width Tensile Strength, Elongation Test (Both Direction), Static Puncture Test, Trapezoidal Tear Test

(xi) **Test for Nylon Crate** : Dimension, Mass, Mesh Size, Number of Plies

(xii) **Test for P. P. Rope Gabion** : Dimension, Mass, Mesh Size, Number of Plies

बिटुमिन एवं स्टील के नमूनों की जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल अवस्थित प्रयोगशाला में किया जाएगा।

4.1.2 सिंचाई प्रक्षेत्र के कार्यों के गुण नियंत्रण हेतु प्रत्येक सिंचाई सृजन मुख्य अभियंता के कार्यक्षेत्र अंतर्गत एक-एक प्रयोगशाला यथा कुल 9 अदद प्रयोगशाला स्थापित है, जो निम्नवत है :-

(i) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) मोतिहारी

(ii) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) दरभंगा

(iii) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) सहरसा

(iv) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) भागलपुर

(v) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) बिहारशरीफ

(vi) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) गया

(vii) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) सिवान

(viii) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) औरंगाबाद

(ix) गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) डेहरी

इन प्रयोगशालाओं में सभी योजनाओं से सम्बंधित ई० सी० बैग, जियो बैग, बिटुमिन एवं स्टील के नमूनों को छोड़कर अन्य सभी नमूनों की जाँच का कार्य किया जायेगा। इन क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में निम्नांकित जाँच की सुविधा उपलब्ध है :-

(i) **Test for Soil** : Compaction Test, Atterberg Limit, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test

(ii) **Test for Cement** : Sp. Gravity Test, Soundness Test, Initial Setting Time, Final Setting Time, Compressive Strength of Cement

(iii) **Test for Sand** : Sieve Analysis, Sp. Gravity Test

(iv) **Test for Coarse Aggregate** : Sieve Analysis, Abrasion Test, Sp. Gravity Test, Agg. Impact Test, Water absorbtion, Flakiness Index, Elongation Index

(v) **Test for Concrete** : Compressive Strength, Slump Test on Site

(vi) **Test for Brick** : Physical Appearance, Dimension, Compressive Strength, Water Absorption Test

(vii) **Test for G.S.B.** : Sieve Analysis, Compaction Test, Abrasion Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Impact Value Test, Atterberg Limit

(viii) **Test for W.M.M.** : Sieve Analysis, Compaction Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Abrasion Test, Impact Value Test Impact Test, Atterberg limit

ई० सी० बैग, जियो बैग, बिटुमिन एवं स्टील के नमूनों की जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल अवस्थित प्रयोगशाला में किया जाएगा।

4.2 शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल अवस्थित प्रयोगशाला

शोध एवं प्रशिक्षण के खगौल अवस्थित कुल तीन प्रमंडलों के अंतर्गत तीन प्रयोगशाला स्थापित है जो निम्नवत है :-

1. पदार्थ जाँच प्रयोगशाला
2. मिट्टी जाँच प्रयोगशाला
3. जियो टेक्सटाईल जाँच प्रयोगशाला

इन प्रयोगशालाओं में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रक्षेत्र तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिनकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोशाला में उपलब्ध नहीं है, की जाँच का कार्य किया जाएगा। साथ हीं सभी योजनाओं के रैण्डम जाँच तथा विभाग द्वारा निदेशित जाँच का कार्य भी इस प्रयोगशाला में किया जाएगा।

4.2.1 पदार्थ जांच प्रयोगशाला में निम्नांकित जाँच की सुविधा उपलब्ध है :-

(i) **Test for Cement** : Sp. Gravity Test, Soundness Test, Initial Setting Time, Final Setting Time, Compressive Strength of Cement

(ii) **Test for Sand** : Sieve Analysis, Sp. Gravity Test

(iii) **Test for Coarse Aggregate** : Sieve Analysis, Abrasion Test, Sp. Gravity Test, Agg. Impact Test, Water Absorbtion, Flakiness Index, Elongation Index

(iv) **Test for Concrete** : Compressive Strength, Slump Test on Site, Chemical Test of Calcium Content in Concrete, Rebound Hammer test, Ultrasonic Pulse Velocity test

(v) **Test for Brick** : Physical Appearance, Dimension, Compressive Strength, Water Absorption Test

(vi) **Test for G.S.B.** : Sieve Analysis, Impact Value Test,

(vii) **Test for W.M.M.** : Sieve Analysis, Abrasion Test, Impact Value Test Impact Test,

(viii) **Test for Bitumen** : Bitumen Content of Mix, Ductility Test, Viscosity Test, Flash Point & Fire point Test, Penetration Test

(ix) **Test for Steel** : Tensile Strength Test

4.2.2 मिट्टी जाँच प्रयोगशाला में निम्नांकित जाँच की सुविधा उपलब्ध है :-

(i) **Test for Soil** : Compaction Test, Atterberg Limit, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Soil Classification, California bearing ratio test, Direct Shear test, Triaxial Shear test, Consolidation test.

(ii) **Test for G.S.B.** : Compaction Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Atterberg limit

(iii) **Test for W.M.M.** : Compaction Test, Optimum Moisture Content and Maximum dry density test, Atterberg limit.

4.2.3 जियो टेक्सटाइल जांच प्रयोगशाला में निम्नांकित जाँच की सुविधा उपलब्ध है :-

(i) **Test for E.C. Bag** : Physical Test (Size, Mass/area), Trapezoidal Tear Test, Wide Width Tensile Strength Elongation Test (Both Direction), Seam Strength Test, U-V Resistance Test, Ash Content Test

(ii) **Test for Geo Bag & Mega Geobag** : Physical Test (Size, Mass/area), Thickness Test, Wide Width Tensile Strength, Elongation Test (Both Direction), Static Puncture Test, Trapezoidal Tear Test, U-V Resistance Test

(iii) **Test for Nylon Crate** : Dimension, Mass, Mesh Size, Number of Plies

(iv) **Test for P. P. Rope Gabion** : Dimension, Mass, Mesh Size, Number of Plies

4.3 कार्यस्थल पर कार्य प्रमंडल के प्रभारी अभियंता का दायित्व होगा कि S.B.D. एकरारनामा के तहत कार्य प्रारंभ करने के पूर्व संबंधित संवेदक से स्थलीय प्रयोगशाला स्थापित करवाएंगे एवं स्थल पर समय-समय पर कार्य की गुणवता हेतु जाँच कर जाँच पंजी संधारित करेंगे। समय समय पर क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा स्थलीय प्रयोगशाला में जांच की स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा। कार्य के प्रभारी कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा कि प्रथम चालू विपत्र के पूर्व इसको सत्यापित करेंगे कि संवेदक द्वारा कार्यस्थल प्रयोगशाला स्थापित कर दिया गया है एवं कार्यरत है।

4.4 वैसी जाँच जिसका जाँच उपकरण/ जाँच की सुविधा विभागीय प्रयोगशाला यथा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोशाला अथवा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल अवस्थित प्रयोगशाला में उपलब्ध नहीं है उसकी जाँच मानक संस्थाओं यथा CIPET, CWPRS, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान यथा IIT, NIT इत्यादि से करवाया जायेगा। इस प्रकार के जाँच हेतु नमूना संग्रहण एवं जाँच की तिथि की सूचना कार्य के प्रभारी अभियंता द्वारा कम से कम 24 घंटे पूर्व सम्बंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के माध्यम से संवेदक को दी जाएगी तथा नमूना संग्रह के समय उनकी उपस्थिति और उनका हस्ताक्षर प्राप्त किया जायेगा, परन्तु पूर्व सूचना के बावजूद यदि वे उपस्थित नहीं होते हैं, तब भी नमूना का संग्रह एवं जाँच सम्पादित कर लिया जायेगा। ऐसे जाँचफल के विरुद्ध उनका कोई भी आवेदन अस्वीकार्य होगा।

4.5 इसके अतिरिक्त शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल अवस्थित मिट्टी जाँच प्रयोगशाला में Soil Permeability Test, Static Cone Penetration Test, Consolidation Test, Plate Load Test, Standard Penetration Test के जाँच की उपलब्धता है।

5.0 **गुणवत्ता जाँच एवं नमूना संग्रहण की प्रक्रिया :** नमूना संग्रहण की प्रक्रिया, नमूनों की संख्या एवं इसकी आवृति प्रत्येक सामग्री के नमूना संग्रहण हेतु लागू IS Code में निहित प्रावधानों के तहत की जायेगी जिसका विस्तृत उल्लेख परिशिष्ट-II में किया गया है। नमूनों का संग्रहण कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/ संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जायेगा। नमूना संग्रहण हेतु संवेदक को कार्य के प्रभारी कार्यपालक अभियंता द्वारा 24 घंटे पूर्व सूचना दिया जायेगा, परन्तु यदि सूचना देने के बाद संवेदक उपस्थित नहीं हो तब भी नमूना का संग्रहण कार्य में संलग्न अभियंता की उपस्थिति में कर लिया जायेगा। गुणवत्ता जाँच एवं नमूना संग्रहण हेतु विभागीय आदेश संख्या-1/पी०एम०सी/विविध/879/2012-198 दिनांक 14.03.2016 (परिशिष्ट-VII(A) पर संलग्न) द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों को संशोधित करते हुए निम्नवत प्रक्रिया लागू की जाती है :-

5.1 **बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिसकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला यथा गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों में उपलब्ध है:-** इस प्रकार के जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण स्थल/गोदाम से सम्बंधित गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडल द्वारा कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा। संग्रहित नमूनों को उनके हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए सम्बंधित क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल में लाया जायेगा एवं जाँच हेतु तिथि निर्धारित कर कम से कम 24 घंटे पूर्व सूचित किया जायेगा। नमूनों की जाँच संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में क्षेत्रीय प्रयोगशाला में किया जायेगा। यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं , तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जाँचफल के विरुद्ध संवेदक का कोई भी अभ्यावेदन अस्वीकार्य होगा। जाँच के उपरान्त जाँच प्रतिवेदन क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के स्तर से संबंधित कार्य प्रमंडलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

5.2 **बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिसकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला यथा गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों में उपलब्ध नहीं है:-** इस प्रकार के जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण स्थल/गोदाम से शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा। संग्रहित नमूनों को उनके हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल के संबंधित प्रयोगशाला में जाँच हेतु लाया जाएगा तथा जाँच हेतु तिथि निर्धारित कर कम से कम 24 घंटे पूर्व सूचित किया जायेगा। नमूनों की जाँच संवेदक / संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में सम्बंधित शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल , खगौल स्थित प्रयोगशाला में किया जायेगा। यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं , तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जाँचफल के विरुद्ध संवेदक का कोई भी अभ्यावेदन अस्वीकार्य होगा। जाँच के उपरान्त जाँच प्रतिवेदन संबंधित कार्य प्रमंडल को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

5.3 **बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिसकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला यथा गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों में उपलब्ध तो है परन्तु किसी कारणवश यथा मशीनों का सम्पोषण प्रक्रियाधीन रहने, सम्बंधित कर्मी उपलब्ध नहीं रह पाने, आदि परिस्थितियों के फलस्वरूप तात्कालिक रूप से सम्बंधित क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में जाँच नहीं हो पा रही है :-** इस प्रकार के जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण स्थल/गोदाम से सम्बंधित गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडल द्वारा कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में करने के उपरान्त उनके स्तर से नमूनों को हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए जाँच हेतु निकटतम अन्य क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को भेजा जाएगा तथा इसके जाँच की तिथि निर्धारित करते हुए इसकी सूचना कम से कम 24 घंटे पूर्व सभी सम्बंधित को दी जाएगी। इन नमूनों की जाँच संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जायेगा । यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं , तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जाँचफल के विरुद्ध संवेदक का कोई भी अभ्यावेदन अस्वीकार्य होगा। जाँच के उपरान्त जाँचफल संबंधित क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल को प्रेषित किया जाएगा, जिसे गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा सम्बंधित कार्य प्रमंडलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

5.4 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं से संबंधित रैण्डम जाँच :- बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं से संबंधित रैण्डम जाँच (न्यूनतम 15 प्रतिशत) शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा किया जाएगा। 250 करोड़ रूपये से अधिक एकरारित राशि की महत्वपूर्ण हाइड्रॉलिक संरचनायें यथा बराज, डैम, क्रास-ड्रेजेन कार्य आदि के मामले में शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा न्यूनतम 25 प्रतिशत रैंडम जाँच की कार्रवाई की जायेगी। इस रैण्डम जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा किया जाएगा। शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल के स्तर से किये जाने वाले रैंडम जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडलों द्वारा जाँच किये गए खंडो के अंतर्गत किया जाएगा। रैंडम जाँच हेतु नमूना लेने के खंड का चयन नमूना संग्रहण हेतु जाने वाले पदाधिकारी से एक स्तर उपर के पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। नमूनों का संग्रहण स्थल/गोदाम से कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा। नमूनों को उनके हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल के संबंधित प्रयोगशाला में जाँच हेतु लाया जाएगा तथा इसके जाँच की तिथि निर्धारित करते हुए इसकी सूचना कम से कम 24 घंटे पूर्व सभी सम्बंधित को दी जाएगी । इन नमूनों को संवेदक / संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में जाँच किया जायेगा । यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं , तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जाँचफल के विरुद्ध संवेदक का कोई भी अभ्यावेदन अस्वीकार्य होगा । जाँच के उपरान्त जाँचफल सम्बंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं सभी सम्बन्धित कार्यालय में दी जाएगी ।

5.5 विभाग द्वारा निदेशित जाँच :- विभाग द्वारा समय-समय पर निदेशित जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार के जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा किया जाएगा। नमूनों का संग्रहण स्थल/गोदाम से कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा। नमूनों को उनके हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल के संबंधित प्रयोगशाला में जाँच हेतु लाया जाएगा तथा इसके जाँच की तिथि निर्धारित करते हुए इसकी सूचना कम से कम 24 घंटे पूर्व सभी सम्बंधित को दी जाएगी । इन नमूनों को संवेदक / संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में जाँच किया जायेगा । यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं , तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जाँचफल के विरुद्ध संवेदक का कोई भी अभ्यावेदन अस्वीकार्य होगा ।

5.6 उड़नदस्ता द्वारा लिये गये नमूनों की जाँच:- उड़नदस्ता द्वारा लिये गये नमूनों की जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल , खगौल द्वारा किया जायेगा । इस प्रकार के जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण उड़नदस्ता अंचल द्वारा किया जायेगा । नमूनों का संग्रहण स्थल / गोदाम से कार्य में संलग्न अभियंताओं एवं संवेदक /संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जायेगा । नमूनों को उनके हस्ताक्षर के साथ सीलबंद करते हुए शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल खगौल के सम्बंधित प्रयोगशाला में जाँच हेतु लाया जायेगा । शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल खगौल द्वारा इसके जाँच की तिथि निर्धारित करते हुए इसकी सूचना कम - से - कम 24 घंटे पूर्व सभी सम्बंधित को दी जाएगी । इन नमूनों को उड़नदस्ता पदाधिकारी तथा संवेदक /संवेदक प्रतिनिधि की उपस्थिति में जाँच किया जायेगा । यदि पूर्व सूचित तिथि को संवेदक या उनके प्रतिनिधि तथा उड़नदस्ता पदाधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं तब भी यह जाँच सम्पादित किया जायेगा तथा ऐसी जांचफल के विरुद्ध कोई भी आवेदन अस्वीकार्य होगा ।

5.7 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की एस०बी०डी० एकरारनामा के तहत किये जाने वाले स्थलीय जाँच :- बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की एस०बी०डी० एकरारनामा के मामले में गुणवत्ता प्रबंधन हेतु बार-बार किये जाने वाले जाँच एस०बी०डी० एकरारनामा अंतर्गत संवेदक द्वारा कार्यस्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में कार्य के प्रभारी अभियंताओं द्वारा किया जाएगा तथा इससे सम्बंधित पंजी संधारित किया जाएगा। इन प्रयोगशालाओं में मानक उपकरण स्थापित होंगे । जिन उपकरणों को समय - समय पर Calibration कराने की आवयश्कता होती है, उनका Calibration मानक संस्थाओं से कराया जायेगा । समय-समय पर क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा संवेदक के कार्यस्थल/कैम्प पर अधिष्ठापित प्रयोगशाला में जाँच की स्थिति तथा संधारित पंजी का निरीक्षण किया जाएगा। ऐसी प्रयोगशाला में स्थापित उपकरणों के Calibration की जाँच समय - समय पर क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल के पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा ।

5.8 जल संसाधन विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में प्रयुक्त शीशा, अल्युमिनियम, प्लाईवुड, टाईल्स, आदि की जाँच :- जल संसाधन विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा शिविर सम्पोषण, भवन निर्माण आदि कार्यों में प्रयुक्त शीशा, अल्युमिनियम, प्लाईवुड, टाईल्स, आदि की गुणवत्ता सामग्रियों के निर्माता कम्पनी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर कार्य के प्रभारी अभियंताओं द्वारा सुनिश्चित किया

जायेगा। ऐसी सामग्रियों पर निर्माता कम्पनी का मानक के अनुसार Embossing / Stamping आवश्यक होगा ।

5.9 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं में सम्मिलित यांत्रिक अवयवों की गुणवत्ता जाँच :- जल संसाधन विभाग अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं के यांत्रिक अवयवों की गुणवत्ता निम्नवत् सुनिश्चित की जायेगी।

5.9.1 गेटों का निर्माण - गेट में प्रयुक्त इस्पात (स्टील) की गुणवत्ता उसके निर्माता कम्पनी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर कार्य के प्रभारी अभियंता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। ऐसी सामग्रियों पर निर्माता कम्पनी का मानक के अनुसार Embossing / Stamping आवश्यक होगा । साथ ही साथ चदरा/ अन्य अवयव की मोटाई तथा घनत्व की जाँच स्थल पर कार्य के प्रभारी अभियंता द्वारा किया जायेगा। इसकी रैंडम जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा कार्यस्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में किया जायेगा।

5.9.2 जलापूर्ति पाईप लाईन - पाईप लाईन में प्रयुक्त पाईप की गुणवत्ता, पाईप के निर्माता कम्पनी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर कार्य के प्रभारी अभियंताओं द्वारा स्वीकार किया जायेगा। ऐसी सामग्रियों पर निर्माता कम्पनी का मानक के अनुसार Embossing / Stamping आवश्यक होगा । साथ ही पाइप के गेज एवं व्यास की जाँच स्थल पर कार्य के प्रभारी अभियंता द्वारा किया जाएगा । इसकी रैंडम जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा कार्यस्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में किया जायेगा ।

5.9.3 विशिष्ट प्रकृति के जलापूर्ति पाईप लाईन का वेल्डिंग तथा जल के दबाव की जाँचः- विशिष्ट प्रकृति के जलापूर्ति पाईप लाईन में जोड़ों का वेल्डिंग तथा जल का दबाव सहने की क्षमता काफी महत्त्वपूर्ण है। ऐसे विशिष्ट कार्य के लिए भारतीय मानक के अनुसार निर्धारित विशिष्टि की जाँच के लिए निविदा दस्तावेज में ही संबंधित प्रयोगशाला स्थापित करने की जवाबदेही संवेदक की होगी तथा कार्य से संबंधित अभियंता संवेदक द्वारा स्थापित प्रयोगशाला में जाँच सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इसकी रैंडम जाँच शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल द्वारा कार्यस्थल पर स्थापित प्रयोगशाला/सयंत्रो/उपकरणों से किया जायेगा। इस प्रयोगशाला में स्थापित उपकरणों का Calibration मानक संस्थाओं से कराया जायेगा ।

5.9.4 **मोटर, पम्प, ट्रान्सफार्मर की जाँच:-** निविदा दस्तावेज के अनुसार निर्धारित विशिष्टि, यदि वह अवयव बाजार में मानक क्षमता का है, तो निर्माता कम्पनी से प्राप्त प्रमाण- पत्र के आधार पर माना जायेगा, परन्तु यदि ये अवयव कार्य विशेष के लिए विशिष्ट मानक के हैं तो इनका जाँच संवेदक प्रतिनिधि Certified third party की उपस्थिति में कार्य के प्रभारी अभियंता द्वारा निर्माता कम्पनी के जाँच प्रयोगशाला में सम्पादित कर, निर्माता से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जायेगा।

6.0 **गुण नियंत्रण पोर्टल पर सूचनाओं का प्रेषण :-** जल संसाधन विभाग के बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं में गुण नियंत्रण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुण नियंत्रण पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है। इस पोर्टल को https://wsims.fmiscwrdbihar.gov.in के माध्यम से access किया जा सकता है। कार्यस्थल पर नमूना संग्रह से लेकर जाँचफल प्रेषण तक सभी सूचनाएं इस पोर्टल पर प्रदर्शित रहेगी। योजना के कार्यान्वयन से सम्बंधित पदाधिकारी इस पोर्टल के माध्यम से इन सूचनाओं को प्राप्त कर सकेंगे एवं तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस पोर्टल के माध्यम से मुख्यालय द्वारा भी ससमय प्रबोधन किया जा सकेगा।

7.0 **जाँच प्रोटोकॉल :-** बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र के सभी प्रमंडल स्वीकृत योजना/कार्य से संबंधित एकरारनामा निष्पादित होने के उपरांत तुरंत ही स्वीकृत प्राक्कलन, work programme और एकरारनामा की छायाप्रति संबंधित क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल को ई-मेल के द्वारा उपलब्ध करायेंगे एवं उक्त दस्तावेज का हार्ड कॉपी भी हस्तगत करायेंगे। साथ ही कार्य के भिन्न-भिन्न मदों के प्रारंभ होने की भी सूचना समय-समय पर संबंधित गुण नियंत्रण प्रमंडलों को दूरभाष/मोबाईल/इ-मेल पर अवश्य देंगे। संबंधित गुण नियंत्रण प्रमंडल भी अपने स्तर से work programme के अनुसार क्षेत्रीय पदाधिकारियों से कार्य प्रारंभ होने की सूचना प्राप्त करेंगे तथा समय समय पर गुणवत्ता जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण करेंगे। कार्य स्थल से जाँच हेतु नमूनों का संग्रह संबंधित गुण नियंत्रण प्रमंडल के द्वारा संबंधित I.S. Code के प्रावधान के अनुरूप संबंधित कार्य प्रमंडल के कनीय अभियंता या उससे ऊपर के स्तर के अभियंता एवं संवेदक या उनके प्रतिनिधि के समक्ष किया जायेगा। गुण नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता का दायित्व

होगा कि प्रयोगशाला जाँच हेतु प्राप्त नमूनों की जाँच कर जाँचफल ससमय संबंधित कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता को उपलब्ध करायेंगे ताकि कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण रखा जा सके। कार्य में संलग्न कार्यपालक अभियंता के स्तर से प्राप्त जाँचफल यथाशीघ्र संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दिया जायेगा ताकि आवश्यकतानुसार तत्काल अपेक्षित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यदि कराये गये कार्य की गुणवत्ता योजना के अभिष्ठ उद्देश्य को पूरा करने के योग्य नहीं हो तो प्रभावित भाग को ध्वस्त कर सही गुणवत्ता का कार्य कराया जायेगा।

कार्य में प्रयुक्त विभिन्न सामग्रियों एवं कराये गए कार्यों के नमूनों के संग्रहण तथा इसके जाँच से सम्बंधित प्रक्रिया परिशिष्ट-II पर संलग्न है।

8.0 जाँचफल प्रेषण :- बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रयोगशालाओं (क्षेत्रीय प्रयोगशाला अथवा शोध भवन अवस्थित प्रयोगशाला) में उपलब्ध जाँच की सुविधा के आधार पर जाँचफल प्रेषण की निम्नवत व्यवस्था है:-

8.1 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिसकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला यथा गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों में उपलब्ध है, उसकी जाँच यथाशीघ्र क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोशाला में करते हुए जाँचफल अधिकतम 5 कार्य दिवस में कार्य प्रमंडल को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कार्य के सम्बन्ध में ससमय यथोचित निर्णय लिया जा सके।

8.2 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं से सम्बंधित वैसे नमूने जिसकी जाँच की सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में नहीं है, उसकी जाँच हेतु नमूनों का संग्रहण कार्य स्थल से संबंधित शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल के द्वारा संबंधित I.S. Code के प्रावधान के अनुरूप संबंधित कार्य प्रमंडल के कनीय अभियंता या उससे ऊपर के स्तर के अभियंता एवं संवेदक या उनके प्रतिनिधि के समक्ष कंडिका 5.2 के अनुरूप किया जायेगा। शोध संगठन द्वारा अधिकतम 10 कार्यदिवस में कंडिका 5.2 के अनुरूप इन नमूनों की जाँच कर गुणवत्ता जाँचफल संबंधित कार्य प्रमंडलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

8.3 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं की वैसी जाँच जिसकी सुविधा क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला यथा गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों/गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों में उपलब्ध तो है परन्तु किसी कारणवश सम्बंधित प्रयोगशाला में जाँच नहीं हो

पाने की स्थिति में इन नमूनों को कंडिका 5.3 के अनुरूप जाँच हेतु निकटतम अन्य क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को भेजा जाएगा। इन नमूनों की जाँच करते हुए जाँचफल अधिकतम 7 कार्य दिवस में सम्बंधित क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को भेजा जाएगा, जिसे गुण नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा जाँचफल सम्बंधित कार्य प्रमंडल को उपलब्ध कराया जाएगा।

8.4 बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण तथा सिंचाई सृजन प्रक्षेत्र की सभी योजनाओं से संबंधित रैण्डम जाँच से सम्बंधित नमूनों का संग्रहण कार्य स्थल से संबंधित शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल के द्वारा संबंधित I.S. Code के प्रावधान के अनुरूप कंडिका 5.0 में वर्णित प्रक्रिया से संबंधित कार्य प्रमंडल के कनीय अभियंता या उससे ऊपर के स्तर के अभियंता एवं संवेदक या उनके प्रतिनिधि के समक्ष किया जायेगा। नमूनों का संग्रहण करने के उपरांत कंडिका 8.2 में वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप जाँच कर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जायेगा I

8.5 विभाग द्वारा समय-समय पर निदेशित जाँच से सम्बंधित नमूनों का संग्रहण कार्य स्थल से संबंधित शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल के द्वारा संबंधित I.S.Code के प्रावधान के अनुरूप कंडिका 5.0 में वर्णित प्रक्रिया से संबंधित कार्य प्रमंडल के कनीय अभियंता या उससे ऊपर के स्तर के अभियंता एवं संवेदक या उनके प्रतिनिधि के समक्ष किया जायेगा। नमूनों का संग्रहण करने के उपरांत कंडिका8.2 में वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप जाँच कर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जायेगा I

8.6 उड़नदस्ता द्वारा लिये गये नमूनों की जाँचफल कंडिका 5.6 में वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप संग्रहित किये गये नमूनों की जाँच सम्पादित कर अधिकतम 7 दिनों के अंदर जाँचफल सम्बंधित उड़नदस्ता अंचल को उपलब्ध कराया जायेगा ।

9.0 प्रयोगशाला का अनुरक्षण एवं मरम्मति : जल संसाधन विभाग अंतर्गत प्रयोगशालाओं के भवनों एवं उपकरणों के अनुरक्षण एवं मरम्मति हेतु निम्नवत प्रक्रिया अपनायी जायेगी :-

9.1 प्रयोगशाला भवन के अनुरक्षण एवं मरम्मति का कार्य संबंधित परिसर के प्रभारी कार्यपालक अभियंता के स्तर से विभागीय आदेश सं०-21/परिसम्पति-14-01/2024-152 पटना, दिनांक 15.03.2024 (परिशिष्ट-VII(B) पर संलग्न) द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कार्यालय/अन्य सम्बद्ध भवनों के संधारण/संचालन हेतु निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कराया जाएगा।

9.2 प्रयोगशाला में अधिष्ठापित जाँच उपकरणों का नियमित रूप से calibration प्रत्येक वर्ष या सम्बंधित उपकरण के लिए लागू IS Code में उल्लेखित प्रावधानों के अंतर्गत नियमित रूप से कराया जाएगा। जाँच उपकरणों का अनुरक्षण,

मरम्मति एवं calibration तथा आवश्यक मरम्मति का कार्य सम्बंधित गुण नियंत्रण प्रमंडल तथा सम्बंधित शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल द्वारा कराया जाएगा।

10.0 मानव बल की स्थिति एवं आवश्यकता : वर्त्तमान में क्षेत्रीय गुण नियन्त्रण प्रमंडलों तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडलों के कर्तव्यों के निर्वहन यथा कार्यस्थल से नमूनों का संग्रहण, प्रयोगशाला में संगृहीत नमूनों की जाँच एवं जाँचफल तैयार कर उसके प्रेषण हेतु निम्नवत मानव बल स्वीकृत है :-

10.1 प्रत्येक शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल, खगौल, पटना में स्वीकृत मानव बल :

क्रम सं०	कोटि/ वर्ग	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या
1	I	कार्यपालक अभियन्ता	1
2	II	सहायक अभियन्ता	4
3	III	कनीय अभियन्ता	10
4	III	सहायक शोध पदाधिकारी	1
5	III	शोध सहायक	3
6	III	प्रमण्डलीय लेखापाल	1
7	III	प्रधान लिपिक	1
8	III	वरीय लेखा लिपिक	2
9	III	कनीय लेखा लिपिक	2
10	III	उच्च वर्गीय लिपिक	4
11	III	निम्न वर्गीय लिपिक	2
12	III	आशु टंकक	1
13	III	भण्डारपाल	2
14	III	चालक	1
15	III	प्रयोगशाला सहायक	1
16	III	क्षेत्र सहायक	2
17	IV	कार्यालय परिचारी	22
18	IV	हेल्पर	4

10.2 प्रत्येक क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडलों में स्वीकृत मानव बल :

क्रम सं०	कोटि/ वर्ग	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या
1	I	कार्यपालक अभियन्ता	1
2	II	प्राक्कलन पदाधिकारी	1
3	III	अवर प्रमण्डल पदाधिकारी,	4
4	II	शोध पदाधिकारी	1
5	III	कनीय अभियंता	12
6	III	सहायक शोध पदाधिकारी	2
7	III	शोध सहायक	3-4
8	III	प्रमण्डलीय लेखापाल	1
9	III	प्रधान लिपिक	1
10	III	वरीय लेखा लिपिक	2
11	III	कनीय लेखा लिपिक	2
12	III	उच्च वर्गीय लिपिक	4
13	III	निम्न वर्गीय लिपिक	2
14	III	भण्डारपाल	1-2
15	III	चालक	1
16	III	प्रयोगशाला सहायक	1
17	III	क्षेत्र सहायक	2
18	IV	कार्यालय परिचारी	22
19	III	वेतार चालक	0-1
20	III	सहायक स्थल निरीक्षक	0-4
21	IV	हेल्पर	4

10.3 नियमित स्वीकृत कार्यबल के अनुरूप नियमित स्थापना से कार्यबल उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में आवश्यकतानुसार बाह्य श्रोतों से आवश्यक कार्यबल लिया जाएगा। इस सन्दर्भ में क्षेत्रीय गुण नियन्त्रण प्रमंडलों तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडलों द्वारा आवश्यकता आधारित प्रस्ताव अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में उपलब्ध करा दिया जाएगा। समग्र रूप से विभागीय स्तर पर इस प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए दिसंबर माह तक कार्यबल की अधिप्राप्ति से सम्बंधित प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी, ताकि बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओ के कार्यान्वयन के दौरान गुण नियंत्रण कार्य प्रभावी ढंग से निष्पादित हो सके।

11.0 वाहन की आवश्यकता : गुण नियंत्रण कार्य में संलग्न पदाधिकारियों के लिए निरीक्षण वाहन का प्रावधान निम्नरूपेण किया जाएगा :-

11.1 गुण नियंत्रण कार्य में संलग्न मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता स्तर के पदाधिकारियों के लिए वाहन का प्रावधान विभागीय पत्रांक-20/स्था०प्र० व्यय (बजट)-02-01/2023-07 दिनांक 15.04.2024 (परिशिष्ट-VII(C) पर संलग्न) द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों के आलोक में किया गया है।

11.2 जल संसाधन विभाग की बाढ़ एवं सिंचाई से सम्बंधित अधिकांश योजनाओं का कार्यान्वयन प्रायः मानसून अवधि की समाप्ति के उपरांत यथा नवम्बर माह में प्रारम्भ किया जाता है तथा इसका कार्यान्वयन मानसून के प्रारम्भ होने के पूर्व तक यथा मई माह तक कराया जाता है। इस प्रकार कार्यन्वित योजनाओं के प्रभावी गुण नियंत्रण हेतु 01 नवम्बर से 31 मई तक की अवधि अतिमहत्वपूर्ण रहती है। इन तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए गुण नियंत्रण कार्य में संलग्न प्रत्येक सहायक अभियंता स्तर के पदाधिकारियों के लिए इस अवधि (यथा 01 नवम्बर से 31 मई तक) में एक अदद वाहन का प्रावधान रहेगा। शेष अवधि में दो सहायक अभियंता पर एक वाहन की व्यवस्था रहेगी । इस पर होने वाला व्यय विभागीय पत्रांक-20/स्था०प्र० व्यय (बजट)-02-01/2023-07 दिनांक 15.04.2024 (परिशिष्ट-VII(C) पर संलग्न) द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

11.3 उपरोक्त कंडिकाओं में प्रावधानित वाहन के अतिरिक्त स्थल से नमूना संग्रहण हेतु प्रत्येक क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रमंडलों तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडलों में पुरे वर्ष के लिए एक अदद् Camper या समतुल्य वाहन अनुमान्य होगा जिसमें ईंधन का प्रावधान वास्तविक उपयोग के आधार पर अनुमान्य रहेगा ।

11.4 स्थलीय जाँच हेतु मुख्य अभियंता, केंद्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना, अधीक्षण अभियंता, शोध एवं प्रशिक्षण अंचल, खगौल, पटना, अधीक्षण अभियंता, गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) अंचल, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) अंचल, पटना के लिए एक- एक अदद् मोबाईल लैब का अधिष्ठापन किया जाएगा जिसमें स्थलीय जाँच हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे ताकि आवश्यकतानुसार स्थलीय जाँच की कार्रवाई की जा सके।

12.0 बजट एवं आवंटन : गुण नियंत्रण कार्य में संलग्न कार्यालयों के लिए बजट एवं आवंटन का प्रावधान शीर्ष 2700/2711 से निम्नरूपेण किया जाएगा :-

12.1 क्षेत्रीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल के अधीन कार्यरत प्रयोशाला में अधिष्ठापित उपकरणों के अनुरक्षण, मरम्मति, calibration

एवं अन्य रख-रखाव हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल तक मुख्य अभियंता, केंद्रीय रुपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त शोध भवन अवस्थित विभागीय प्रयोगशाला में कतिपय जाँच यथा Chemical Test of Calcium Content in Concrete में रसायनों तथा अन्य उपभोग्य वस्तुओं की आवश्यकता होती है। इन सामग्रियों के क्रय हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल तक मुख्य अभियंता, केंद्रीय रुपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) के स्तर पर समीक्षोपरान्त इन कार्यों हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा प्राकक्लन तैयार कर सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति प्राप्त करते हुए इन कार्यों को कराया जाएगा। नमूना के रूप में परिशिष्ट-III पर एक आकलन संलग्न है।

12.2 कंडिका 11.3 एवं 11.4 में प्रावधानित वाहन (ईंधन सहित) एवं मोबाईल लैब (ईंधन सहित) पर पूरे वर्ष के लिए होने वाले व्यय का आकलन कर प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल तक मुख्य अभियंता, केंद्रीय रुपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण के माध्यम से अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) को उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके समीक्षोपरांत विभाग द्वारा सम्बंधित गुण नियंत्रण प्रमंडल को शीर्ष 2700/2711 से आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा। नमूना के रूप में परिशिष्ट-IV पर एक आकलन संलग्न है।

13.0 **नमूना संग्रहण प्रपत्र : परिशिष्ट-V पर संलग्न है।**

14.0 **जाँचफल प्रेषण प्रपत्र : परिशिष्ट-VI पर संलग्न है।**

उक्त प्रावधानों पर माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांकः–1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10/02/25

प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले० एवं ह०)/महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, वीरचन्द्र पटेल मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10/02/25

प्रतिलिपि –सचिव (संसाधन), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10/02/25

प्रतिलिपि – सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10/02/25

प्रतिलिपि – माननीय मंत्री के आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक-10/02/25

प्रतिलिपि सभी अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/सभी संयुक्त सचिव/सभी अधीक्षण अभियंता (उड़नदस्ता सहित)/सभी निदेशक/सभी संयुक्त निदेशक/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव जल संसाधन विभाग/स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, काठमाण्डू (नेपाल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 1/पी०एम०सी०/विविध/182/2024–142 पटना, दिनांक 10·02/25

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को वेब साईट पर अपलोड करने तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई–मेल के माध्यम से पत्र भेजने हेतु प्रेषित ।

10/02/25

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

परिशिष्ट-I

परिशिष्ट-I

गुणवत्ता जांच हेतु उपयोग किये जाने वाले विभिन्न मानक (I.S. Code, I.R.C. Code, etc.)

Code		Description
IS: 383-2016	-	Coarse and fine aggregate for concrete- Specification.
IS: 456-2000	-	Code of practice for plain and reinforcement concrete
IS: 460-2020	-	Specification for Test sieves
IS: 516-1959	-	Methods of test for strength of concrete
IS: 1199-2018	-	Methods of sampling and analysis of concrete ((Part 1 -7)
IS: 1201 to1220-1978	-	Methods for testing tar and bituminous materials
IS: 1498-1970	-	Classification and identification of soils for general engineering purposes
IS: 1786-2008	-	High strength deformed steel bars and wires for concrete reinforcement
IS: 1838 -1983	-	Preformed filler for expansion joint in concrete pavement and structures
IS: 1888-1982	-	Method of load tests on soils
IS 1904-1978	-	Code of practice for structural safety of building (Shallow foundation)
IS: 2116-1980	-	Sand for masonry mortars
IS: 2131-1981	-	Method of standard penetration test for soils
IS: 2386-1963	-	Method of test for aggregates for concrete (Part 1 to Part 8)
IS: 2430- 1986	-	Method of sampling of aggregates for concrete
IS: 2720 (Part 1 to 41)	-	Method of tests for Soils.
IS: 2911(Part 1 to 4)	-	Code of practice for design and construction of Pile foundation
IS: 3597-1998	-	Methods of tests for concrete pipes
IS: 3764-1992	-	Code of safety for excavation work
IS: 4031 (Part 1 to 15)	-	Methods of physical test of Hydraulic cement.
IS:4332(Part 1 to 10)	-	Method of test for stabilized soil.
IS: 5317-2002	-	Specification for Pitch mastic for bridge decking and roads
IS: 5454 - 2024	-	Methods of sampling of Burnt clay bricks and burnt clay

Code		Description
		tiles.
IS: 5640-1970	-	Method for determining the aggregate impact value of soft coarse aggregate
IS: 6925-1973	-	Methods of test for determining of water soluble chlorides in concrete admixtures
IS: 6403-1981	-	Determination of Bearing capacity of shallow foundation.
IS: 269- 2015	-	Specification of Ordinary Portland Cement.
IS: 9103-1999	-	Admixtures of concrete
IS: 10262-2019	-	Guidelines for concrete mix designs
IS: 11652 - 2017	-	Textile- Woven sacks for packing cement – HDPE/PP- Specification
IS: SP: 23-1982	-	Hand book on concrete mixes (Based on Indian standards)
IS: SP: 36(Part 1)-1987	-	Methods of testing for soils (Compendium)
IS: SP: 36(Part 1I)-1988	-	Methods of testing for soils (Compendium) field testing
IRC: 109-1997	-	Guidelines for Wet Mix Macadam
IRC: SP: 11-1998	-	Hand book of quality control for construction of roads and runways
IRC SP : 112-2017	-	Manual for Quality Control in Road & Bridge works.
IS: 16653 – 2017	-	Geosynthetics- Needle punched nonwoven Geo bags for coastal and waterways, protection- specification
IS: 516- Part 5/Sec- 4	-	Non-Destructive Testing of Concrete Section 4 Rebound Hammer Test
IS: 516- Part 5/Sec- 1	-	Non-destructive Testing of Concrete Section 1 Ultrasonic Pulse Velocity Testing
IS: 4968- Part- 3 -1976	-	Method for subsurface sounding for soils- Static cone penetration test

परिशिष्ट-II

परिशिष्ट-II

1. TEST FOR SOIL

1.1 DETERMINATION OF LIQUID LIMIT

Refer Code IS 2720 – Part 5

Procedure

- About 120 g of the soil sample passing 425-micron IS Sieve shall be mixed thoroughly with distilled water to form a uniform paste.
- A portion of the paste shall be placed in the cup above the spot where the cup rests on the base, squeezed down and spread into position (Refer Fig-1 of IS 2720 – Part 5: 1985) and at the same time trimmed to a depth of 1 cm at the point of maximum thickness.
- A groove is cut in the soil placed in the cup, using the grooving tool (Type A, B or C) in order to give a clear groove.
- The cup shall be fitted and dropped by turning the crank at the rate of two revolutions per second until the two halves of the soil cake come in contact with bottom of the groove along a distance of about 12 mm.
- The number of drops (or blows) required to cause the groove close for the length of 12 mm shall be recorded.
- About 10g of soil near the closed groove is taken to determine its water content.
- By altering the water content of the soil and repeating the operations above for at least three more additional trails, water content is obtained.
- The specimens shall be of such consistency that the number of drops required to close the groove shall be not less than 15 or more than 35.
- The test should proceed from the drier to the wetter condition of the soil.
- 'A flow curve' shall be plotted on semi-logarithmic graph representing water content on the arithmetical scale and the number of drops (or blows) on the logarithmic scale. The flow curve is a straight line drawn as nearly as possible through the four or more plotted points. The moisture content corresponding to 25 drops as read from the curve shall be rounded off to the nearest whole number and reported as the liquid limit of the soil.

1.2 DETERMINATION OF PLASTIC LIMIT

Refer Code IS 2720 – Part 5

Procedure

- About 20 g of the soil sample passing 425-micron IS Sieve shall be mixed thoroughly with distilled water till the soil mass becomes plastic enough to be easily moulded with fingers.
- A ball shall be formed with about 8 g of this plastic soil mass and rolled between the fingers and the glass plate with just sufficient pressure to roll the mass into a thread of uniform diameter throughout its length.
- The rolling shall be done till the threads are of 3 mm diameter.
- The soil shall then be kneaded together to a uniform mass and rolled again. This process of alternate rolling and kneading shall be continued until the thread crumbles under the pressure required for rolling and the soil can no longer be rolled into a thread.
- Some of the crumbled portion of thread is kept for water content determination.
- The test is repeated at least twice with fresh samples.
- The average of the three values of results calculated to the nearest whole number shall be reported as the plastic limit of the soil.

1.3 DETERMINATION OF OMC & MDD

1.3.1 DETERMINATION OF OMC & MDD USING LIGHT COMPACTION

Refer Code IS 2720 – Part 7

- Procedure
  - A representative portion of air-dried soil material and large enough to provide about 6 kg of material passing through 20-mm IS sieve (for soils not susceptible to crushing during compaction), or about 15 kg of material passing a 20-mm IS sieve (for soil susceptible to crushing during compaction), shall be taken. This portion shall be sieved on a 20-mm IS sieve and the coarse fraction rejected after its proportion of the total sample has been recorded.
  - **Soil not Susceptible to Crushing during Compaction** (Refer Note 1 of IS 2720 – Part 7) – A 5 kg sample of air-dried soil passing the 20 mm IS test sieve shall be taken. The sample shall be mixed thoroughly with a suitable amount of water depending on the soil type.
  - The mould, with base plate attached, shall be weighed to the nearest 1 g. The mould shall be placed on a solid base, such as a concrete floor or plinth and the moist soil shall be compacted into the mould, with the extension attached, in three layers or

approximately equal mass, each layer being given 25 blows from the 2.6 kg rammer dropped from a height of 310 mm above the soil.

- The blows shall be distributed uniformly over the surface of each layer. The amount of soil used shall be sufficient to fill the mould, leaving not more than about 6 mm to be struck off when the extension is removed.
- The extension shall be removed and the compacted soil shall be levelled off carefully to the top of the mould by means of the straight edge. The mould and soil shall then be weighed to 1g.
- The compacted soil specimen shall be removed from the mould and placed on the mixing tray. The water content of a representative sample of the specimen shall be determined as in IS: 2720 (Part 2)- 1973.
- The remainder of the soil specimen shall be broken up, rubbed through the 20-mm IS test sieve, and then mixed with the remainder of the original sample.
- Suitable increments of water shall be added successively and mixed into the sample, and the above procedure shall be repeated for each increment of water added.
- The total number of determinations made shall be at least five, and the range of moisture content should be such that the optimum moisture content, at which the maximum dry density occurs, is within that range.
- **Soil Susceptible to Crushing during Compaction**
- Five or more 2·5 kg samples or air-dried soil passing the 20-mm IS test sieve, shall be taken. The samples shall each be mixed thoroughly with different amounts of water to give a suitable range of moisture contents. The range of moisture content, at which the maximum dry density occurs is within that range.
- Each sample shall be treated as in clause 5.1.2. of IS 2720 Part 7: 1985. Each compacted sample shall be treated as in clause 5.1.3 of IS 2720 – Part 7: 1985.

1.3.2 DETERMINATION OF OMC & MDD USING HEAVY COMPACTION

Refer Code IS 2720 – Part 8

Procedure

- A representative portion of air-dried soil material and large enough to provide about 6 kg of material passing a 19-mm IS sieve (for soils not susceptible to crushing during compaction), or about 15 kg of material passing a 19 mm IS sieve (for soils susceptible to crushing during compaction), shall be taken. This portion shall be sieved on a 19 mm IS sieve and the coarse fraction rejected after its proportion of the total sample has been recorded.

- **Soil not Susceptible to Crushing during Compaction** (Refer Note 1 of IS 2720 – Part 8) – The soil should be considered susceptible to crushing during compaction if the sample contains granular material of a soft nature, such as soft lime stone, sandstone, etc, which is reduced in size by the action of the 4.9 kg rammer. compaction can be applied to all soils if it is convenient to do so.
- The mould, with base plate attached, shall be weighed to the nearest 1 g. The mould shall be placed on a solid base, such as a concrete floor or plinth and the moist soil shall be compacted into the mould, with the extension attached, in five layers or approximately equal mass, each layer being given 25 blows from the 4.9 kg rammer dropped from a height of 450 mm above the soil.
विभागीय कार्य संस्कृति को उन्नत करने, विभागीय पदाधिकारियों / कार्यालयों की कार्य दक्षता बढ़ाने, विभागीय पदाधिकारी / कार्यालय के पदों पर महिला कर्मियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप कार्यालय भवनों को उन्नत करने एवं नियमित रख–रखाव की आवश्यकता है। इन भवनों का संपोषण शीर्ष 2700 / 2711 में उपलब्ध बजट प्रावधान से किया जाता है, परन्तु इस शीर्ष के अन्तर्गत भारित विभिन्न मदों के बीच प्राथमिकता / अनुपात निर्धारित नहीं होने से निधि आवंटन में हमेशा कठिनाई रहती है। इन कारणों को देखते हुए व्यापक विचार विमर्श कर कार्यालय / अन्य सम्बद्ध भवनों के संधारण / संचालन हेतु मानक प्रक्रिया तैयार की गई है।

2. जल संसाधन विभाग का मुख्यालय सिंचाई भवन, पटना में अवस्थित है, जिसमें माननीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता मोनिटरिंग सहित सचिवालय स्तरीय कार्यालय क्रियाशील है। यद्यपि सिंचाई भवन का रख–रखाव भवन निर्माण विभाग के अधीन है, परन्तु इसकी आंतरिक भव्यता को बनाये रखने के लिए साजो–सज्जा एवं उपस्कर से संबंधित कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कराये जाते हैं।

3. क्षेत्रीय स्तर पर निम्नलिखित प्रकार / स्तर के कार्यालय / अन्य संबद्ध भवन क्रियाशील हैं :–

(i) मुख्य अभियंता / निदेशक का कार्यालय

(ii) अधीक्षण अभियंता / निदेशक / संयुक्त निदेशक का कार्यालय

(iii) कार्यपालक अभियंता / उप निदेशक का कार्यालय

(iv) सहायक अभियंता / सहायक निदेशक का कार्यालय

(v) कनीय अभियंता का कार्यालय

(vi) गोदाम, प्रयोगशाला, कार्यशाला इत्यादि

(vii) कार्यस्थल पर चलंत / अस्थायी कार्यालय इत्यादि ।

1/10

इन कार्यालयों में से कई कार्यालय अस्थायी प्रकृति की संरचना में अवस्थित हैं। कुछ कार्यालय अन्य विभागों के नियंत्रण वाले सरकारी भवन में अवस्थित हैं, तो कुछ कार्यालय जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत हीं (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रभाग के हैं परन्तु उनका नियंत्रण सिंचाई सृजन प्रभाग के अधीन या इसके विपरीत भी है अथवा जिला प्रशासन के अधीन Combined building में अवस्थित हैं या मुख्यालय प्रभाग का कार्यालय यथा केन्द्रीय रूपांकण एवं गुण नियंत्रण के कार्यालय अथवा समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रिपरेशन के भी कार्यालय) अन्य प्रभाग के नियंत्रणाधीन हैं एवं कतिपय कार्यालय किराया के भवन में भी संचालित हो रहे हैं।

4. यथासंभव सर्वप्रथम ऐसे सभी कार्यालय, गोदाम, प्रयोगशाला आदि जो किराया के भवन में संचालित हो रहे हैं, उन्हें निकटस्थ जल संसाधन विभाग के भवन/परिसर में लाया जायेगा। ऐसी व्यवस्था करते समय इसका ध्यान रखा जायेगा कि संबंधित कार्यालय संबंधित पदाधिकारी के कार्य क्षेत्र के अंदर रहे ।

5. ऐसे अन्य सरकारी विभागों के भवन यथा संयुक्त भवन अथवा अन्य जिनमें जल संसाधन विभाग के कार्यालय संचालित हो रहे हैं, उन भवनों के प्रशासी विभाग से अनुरोध किया जायेगा कि भवन अथवा उसके अंश का प्रभार उपयोगकर्त्ता कार्यालय को हस्तांतरित कर दिया जाय। जबतक उसका प्रभार अन्य विभाग के पास है, तब तक उसके आंतरिक साज सज्जा अथवा अन्य अपेक्षित कार्य स्थापना मद अंतर्गत कार्यालय आकस्मिकता निधि से कराये जायेंगे।

6. बाढ़ नियंत्रण प्रभाग के वैसे कार्यालय भवन/अन्य सम्बद्ध भवन जिनका नियंत्रण सिंचाई सृजन प्रभाग के अधीन है अथवा इसके विपरीत है या मुख्यालय प्रभाग के कार्यालयों का नियंत्रण अन्य प्रभाग के नियंत्रणाधीन है उन सभी भवनों का नियंत्रण उपयोगकर्ता प्रभाग के कार्यालय को हस्तांतरित किया जायेगा। परन्तु यदि एक ही भवन में विभिन्न प्रभागों के कार्यालय क्रियाशील है तो ऐसे संपूर्ण भवन का संपोषण भवन के प्रभारी प्रभाग द्वारा किया जायेगा। ऐसे भवनों के प्रभारी यदि पूर्व से घोषित नहीं है तो उनका प्रभारी मुख्यालय द्वारा घोषित किया जायेगा। इसी प्रकार पूर्व से घोषित प्रभारी प्रभाग में यदि किसी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता हो तो संबंधित मुख्य अभियंता /अभियंताओं द्वारा प्रस्ताव दिये जाने पर मुख्यालय द्वारा निदेश दिया जायेगा ।

7. ऐसे अनेक कार्यालय हैं, जो अधिसूचित स्थल से अन्यत्र शिविर कार्यालय के रूप में संचालित हो रहे हैं उन सभी कार्यालयों को अधिसूचित स्थान पर व्यवस्थित कर

2/10

संचालित किया जायेगा अथवा अधिसूचित नाम में वास्तविक स्थान के नाम के अनुसार विभाग द्वारा निर्णय लिये जाने पर संशोधन किया जाएगा।

8. जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत अनेक ऐसे भवन (आवासीय/ कार्यालय/ गोदाम/ प्रयोगशाला/ कार्यशाला इत्यादि) स्थायी/ अस्थायी प्रकृति के हैं, जो वर्तमान में जर्जर होने के कारण अनुपयोगी हो गए हैं, ऐसे भवनों के कारण उन स्थलों का भी कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे भवनों की निलामी कर राजस्व की प्राप्ति के साथ–साथ उन स्थलों का भी उपयोग किया जा सकता है जिस पर वह अवस्थित है।

जर्जर भवनों को निलामी के माध्यम से ध्वस्त कराकर स्थल को साफ–सुथरा कराया जाएगा। ऐसे भवनों को चिह्नित कर उनके अवशेष का मूल्यांकन करने के लिए मुख्य अभियंता परिक्षेत्र स्तर पर अधीक्षण अभियंता, रूपांकन आयोजन एवं मोनिटरिंग अंचल (परिक्षेत्राधीन) की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया जायेगा, जिसका स्वरुप निम्न प्रकार रहेगा :–

क्र०	पदनाम	कार्य
1	अधीक्षण अभियंता, रुपांकण आयोजन एवं मोनिटरिंग अंचल (परिक्षेत्राधीन)	अध्यक्ष
2	कार्यपालक अभियंता, रुपांकण प्रमंडल (परिक्षेत्राधीन)	सदस्य
3	कार्यपालक अभियंता (संबंधित)	सदस्य सचिव
4	कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) (परिक्षेत्र के लिए प्राधिकृत)	सदस्य
5	कार्यपालक अभियंता, गुण नियंत्रण (परिक्षेत्र के लिए प्राधिकृत)	सदस्य

समिति का गठन करने हेतु विभागीय पत्रांक–46 दिनांक–31.01.2024 द्वारा आदेश निर्गत है। यह समिति ऐसे सभी भवनों को चिह्नित कर उनके अवशेष का मूल्यांकन करते हुए प्रतिवेदन मुख्य अभियंता को समर्पित करेगें। मुख्य अभियंता ऐसे भवनों की निलामी की अनुमति देंगे तथा संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्ण करा कर प्रतिवेदन संयुक्त सचिव (अभियंत्रण) को उपलब्ध कराएंगे।

9. मरम्मति योग्य भवनों को मरम्मत करा कर उपयोग में लाया जाएगा। जो भवन जर्जर अवस्था में नहीं हैं, जिनकी संरचना ठीक (Structurally Sound) है परन्तु उपयोग में नहीं रहने के कारण अनुपयोगी हो गए हैं, उन्हें मरम्मत करा कर उपयोग में लाया जाएगा। इन भवनों के वर्त्तमान स्थिति का आकलन मुख्य अभियंता परिक्षेत्रों में अधीक्षण अभिंयता की अध्यक्षता में गठित (कंडिका–08) समिति के द्वारा किया जाएगा। इस समिति के प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य अभिंयता निर्णय लेकर मरम्मति हेतु आदेश निर्गत करेंगे एवं भवन जिसे उपयोगी बनाया जायेगा उसकी सूचना संयुक्त सचिव (अभियंत्रण) को उपलब्ध करायेंगे।

10. उपर्युक्त कंडिका–08 पर वर्णित समिति के माध्यम से अनुपयोगी यंत्र/ संयंत्र/ उपस्कर/वाहन आदि का निलामी के माध्यम से निस्तार कराया जाएगा।

इस हेतु विभागीय पत्रांक–119 दिनांक–27.02.2024 द्वारा आदेश निर्गत है। यह समिति ऐसे सभी अनुपयोगी यंत्रों/ संयंत्रो/ उपस्करों/वाहन आदि का मूल्यांकन करते हुए प्रतिवेदन मुख्य अभियंता को समर्पित करेगी एवं मुख्य अभियंता इनके निलामी संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्ण करा कर प्रतिवेदन संयुक्त सचिव (अभियंत्रण) को उपलब्ध कराएगें।

11. कार्यालय भवन में न्यूनतम सुविधायें :–

जहां कार्यालय पूर्व निर्मित भवनों में क्रियाशील है वहां उपलब्ध जगह के अनुसार यथासंभव निम्न सूची के अनुसार सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। जहां कहीं नये भवन के निर्माण की आवश्यकता होगी वहां के लिए विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के कार्यालयों में निम्नलिखित न्यूनतम सुविधाएं सृजित की जायेंगी :–

I. मुख्य अभियंता स्तर

1. प्रतीक्षालय (Waiting lounge) ।
2. मुख्य अभियंता का कक्ष (C.E. Chamber)।
3. सभागार, बैठक कक्ष (Meeting Room), पुस्तकालय सभी न्यूनतम एक कमरे में।
4. लिपिकीय कर्मियों के लिए कमरा, (न्यूनतम–03 (तीन)।
5. मुख्य अभियंता कार्यालय के सभी पदाधिकारियों के लिए अलग–अलग कक्ष।
6. चालकों के लिए विश्राम स्थल की व्यवस्था ।
7. पुरानी संचिकाओं एवं अभिलेखों को रखने के लिए एक अलग कमरा अभिलेखागार (Record Room)।
8. पाक कक्ष (kitchenette)।
9. भंडार कक्ष (Store Room)।
10. खराब अनुपयोगी उपस्करों आदि के लिए एक कमरा (Store Room)
11. महिला तथा पुरूष प्रसाधन के लिए अलग–अलग कमरा।
12. Information Technology (IT) कक्ष ।
13. कर्मियों तथा आगंतुकों के वाहन हेतु पार्किंग स्थल यथासंभव छादित रखा जायेगा।
14. खुली जगहों में उपलब्ध भूमि के अनुसार Proper landscaping, जिसमें राष्ट्रीय झंडोत्तोलन हेतु स्थान कर्णांकित रहेगा।

II. अधीक्षण अभियंता स्तर

उपर्युक्त कंडिका । के अनुसार (अपवाद क्रमांक–02 अधीक्षण अभियंता का कक्ष)

III. कार्यपालक अभियंता स्तर

1. प्रतीक्षालय (Waiting lounge)
2. कार्यपालक अभियंता (E.E. Chamber), कक्ष
3. सभा कक्ष तथा पुस्तकालय (Meeting Room /Library)
4. लिपिकीय कर्मियों के लिए न्यूनतम दो (02) कमरा ।

5. कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों के लिए अलग–अलग कक्ष।
6. पुरानी संचिकाओं एवं अभिलेखों को रखने के लिए एक अलग कमरा–अभिलेख कक्ष (Record Room) ।
7. Information Technology (IT) कक्ष ।
8. पाक कक्ष (kitchenette)।
9. भंडार कक्ष (Store Room)।
10. खराब अनुपयोगी उपस्करों आदि के लिए एक कमरा (Store Room)
11. महिला तथा पुरूष प्रसाधन के लिए अलग–अलग कमरा।
12. वाहनों के पार्किंग का स्थान (खुला/छादित)।
13. खुली जगह में उपलब्ध भूमि के अनुसार **Proper landscaping**, जिसमें राष्ट्रीय झंडोत्तोलन हेतु स्थान कर्णांकित रहेगा।

IV. सहायक अभियंता स्तर

1. सहायक अभियंता कक्ष (A.E. Chamber)
2. कनीय अभियंताओं के साथ विचार–विमर्श, प्राक्कलन प्रतिवेदन आदि तैयार करने हेतु एक पृथक कमरा (A Room for preparing estimates, Reports etc)
3. पाक कक्ष (kitchenette)।
4. महिला तथा पुरूष प्रसाधन के लिए अलग–अलग कमरा।
5. लिपिकीय कर्मियों के लिए न्यूनतम 02 कमरा
6. पुरानी संचिकाओं एवं अभिलेखों को रखने के लिए एक अभिलेख कक्ष (Record Room) ।
7. कनीय अभियंता के लिए न्यूनतम–02 कमरा (यदि कनीय अभियंता का कार्यालय उसी भवन में हो)
8. भंडार कक्ष (Store Room)।
9. वाहनों के पार्किंग का स्थान (खुला/छादित)।
10. खुली जगह में उपलब्ध भूमि के अनुसार Landscaping की व्यवस्था करायी जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय झंडोत्तोलन का स्थान कर्णांकित रहेगा।

V. कनीय अभियंता स्तर (यदि यह उनके नियंत्री पदाधिकारी के कार्यालय के स्थान पर नहीं है तो)

1. कनीय अभियंता का कार्यालय कक्ष
2. प्रकीर्ण कार्यों के लिए न्यूनतम–01 कमरा
3. कनीय अभियंता प्रभार के उपस्करों तथा यंत्रों के लिए न्यूनतम एक कमरा।
4. प्रसाधन (महिला तथा पुरूष का अलग–अलग)

12. सभी कार्यालय परिसरों की घेराबंदी कराई जायेगी। इसमें यथासम्भव मितव्ययिता का ध्यान रखा जाएगा। परिसर की घेराबंदी यदि है और मरम्मति की आवश्यकता है तो उसकी मरम्मति करायी जाएगी। इसके लिए पूरे परिसर का मापी कर घेराबंदी करायी जायेगी ।

13. सभी भवनों में दिव्यांग कर्मियों के लिए भी उनकी आवश्यकतानुसार न्यूनतम सुविधाओं का प्रावधान रहेगा जैसे प्रवेश के स्थान पर ढाल (Ramp), प्रसाधनों के फर्श का तल में समानता, प्रसाधन के दिवालों में उन्हें सहारा देने के लिए क्षैतिज बार आदि।

14. सभी भवनों में अग्नि सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी तथा समय–समय पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी से Fire Audit करा कर उनके सुझाव के अनुसार अग्नि सुरक्षात्मक कार्य कराया जाएगा।

15. नये कार्यालय भवन का रूपांकन एवं रेखांकन (Typical Standard Drawing & Design) केन्द्रीय रूपांकन एवं गुण नियंत्रण, पटना के द्वारा कंडिका–10 में दिये गए न्यूनतम सुविधाओं के अनुसार तैयार कराया जाएगा।

16. यदि अनेक स्तर के कार्यालय एक ही स्थान या नगर में अवस्थित हैं और उनका भवन नहीं है अथवा अनेक कार्यालय जर्जर भवनों में कार्यरत हैं, तो उनके लिए संयुक्त भवन (Combined Building) बनाया जाएगा। इनमें कंडिका–10,11,12 तथा राष्ट्रीय भवन संहिता में निहित मापदण्डों का प्रावधान रहेगा।

17. शिविर कार्यालय (Base Camp Office):- जो कार्यालय कार्यस्थलों पर Camp Office के रूप में अस्थायी प्रकृति के बनाए जाते हैं, उन्हें यथा सम्भव Portable Cabin (Modular) के रूप में बनाया जाएगा, जिसमें विभागीय कार्य करने का स्थान, कर्मियों के विश्राम, प्रसाधन (महिला तथा पुरूषों के लिए अलग–अलग) तथा रसोई की सुविधा रहेगी। ऐसे Portable Modular Cabin के विभिन्न Units के निर्माण के लिए Base Foundation Concrete का होगा तथा वह Semi Permanent प्रकृति का होगा ताकि भविष्य में आवश्यकता होने पर पुनः उस पर Portable Structure को खड़ा कर लिया जाय। कार्यालयों के Super Structure को कार्य समाप्ति के बाद मुख्यालय अथवा दूसरे कार्य स्थल पर स्थानांतरित किया जा सकेगा।

पूर्व से निर्मित खलासी शेड को कार्यकारी अवस्था में लाया जायेगा ।

18. बाढ़ संघर्षात्मक कार्य स्थल पर उपर वर्णित प्रकार का Temporary Camp office बनाया जायेगा।

19. कार्यालयों/कार्यालय भवनों का संचालन/संधारण/सामान्य रख–रखाव हेतु कराये जाने वाले कार्यों (यथा शौचालयों, भवन के Common area की दैनिक, नियमित सफाई, भवन के छत, दीवार, विद्युत, शौचालय, खिड़की, फर्श, सीढ़ी, पार्किंग, बागीचा इत्यादी) की सूची **परिशिष्ट–I** के रूप में संलग्न है।

20. जिन कार्यालय भवनों के पक्के छत हैं उनके कमरों में False ceiling का उपयोग नहीं किया जायेगा। कालीन (Carpet) का उपयोग कहीं नहीं किया जायेगा।

21. सौर ऊर्जा :– कार्यालय भवन के छतों पर सौर ऊर्जा का उपयोग ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित कर सोलर पैनल लगवाकर की जाएगी।

22. अनेक कार्यालय भवन ऐसे हैं, जिनमें एक से अधिक स्तर के पदाधिकारियों का कार्यालय क्रियाशील है। इन भवनों के प्रभारी कार्यपालक अभियंता को संपूर्ण भवन के संपोषण हेतु निधि उपलब्ध करायी जाएगी।

23. कतिपय कार्यालय भवन ऐसे हैं, जिनमें एक ही पदाधिकारी का कार्यालय क्रियाशील है, उन भवनों के संपोषण हेतु प्रभारी कार्यपालक अभियंता को निधि उपलब्ध करायी जाएगी।

24. कार्यालयों के सामान्य वार्षिक रख–रखाव हेतु उनके क्षेत्रफल के अनुसार कर्णांकित राशि तीन किश्तों में उनके नियंत्री कार्यपालक अभियंता को निम्नरूपेण उपलब्ध करायी जाएगीः–

(I) कार्यालय/प्रयोगशाला/कार्यशाला भवन :–

(क)

- रू0 50/वर्गफुट (1000 वर्गफुट तक एरिया के लिए)
- रू0 45/वर्गफुट (2000 वर्गफुट तक एरिया के लिए)
- रू0 40/वर्गफुट (5000 वर्गफुट तक एरिया के लिए)
- रू0 30/वर्गफुट (5000 वर्गफुट से अधिक एरिया के लिए)

(ख) गोदाम–

- रू0 10/वर्गफुट

बहुमंजिला कार्यालय भवन का एरिया प्लिंथ एरिया में मंजिलों की संख्या से गुणा कर आकलित होगा।

आवंटन के दृष्टिकोण से एरिया का आकलन 500 वर्गफुट के गुणक में होगा। 500 वर्गफुट के गुणक से 100 वर्गफुट की वृद्धि होने पर पहले का 500 वर्गफुट पर तथा 100 वर्गफुट से अधिक होने पर अगला 500 वर्गफुट पर आकलित किया जायेगा।

(II) कार्यालय के अन्दर के उपस्करों का संपोषण उपयोगकर्त्ता कार्यालय द्वारा स्थापना के अन्तर्गत कार्यालय आकस्मिकता निधि से कराया जाएगा।

(III) कार्यालय परिसर के रख–रखाव हेतु रू0 100000/एकड़ प्रति वर्ष का आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा।

(IV) चलंत/अस्थायी कार्यालय का रख–रखाव संबंधित योजना के अन्तर्गत भारित होगा।

25. कंडिका–24 में वर्णित प्रावधानों की समय–समय पर समीक्षा की जाएगी, जिसमें आवश्यकतानुसार समुचित संशोधन किया जा सकेगा।

26. कंडिका–24 में वर्णित प्रावधानों के अतिरिक्त कार्यालयों भवनों की विशेष मरम्मति हेतु संबंधित मुख्य अभियंता से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर समीक्षोपरांत राशि उपलब्ध करायी जाएगी।

27. प्रत्येक तीन वर्षों पर कार्यालय भवनों की रंगाई, पुताई आदि के लिए चक्रीय क्रम में वर्षवार आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा। इनका क्रम निम्नवत् होगाः–

(I) मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के प्रधानता वाले कार्यालय भवन, गोदाम आदि प्रथम वर्ष।

(II) कार्यपालक अभियंता के प्रधानता वाले कार्यालय, प्रयोगशाला एवं कार्यशाला–दूसरे वर्ष।

(iii) सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता के कार्यालय–तीसरे वर्ष।

इन कार्यों का कार्यक्रम क्षेत्रीय मुख्य अभियंता वर्णित वर्ष में 10 अप्रैल तक स्वीकृत कर विभाग को सूचित करते हुए संबंधित प्रमंडल को गो–अहेड (Go-ahead) प्रदान करेंगे। चक्र का प्रारंभ SOP लागू होने का प्रथम वर्ष 2024–25 को माना जायेगा। इन कार्यों हेतु प्रारंभ में रू0 100/– प्रति वर्गफुट प्लिंथ एरिया प्रति मंजिल के दर से आवंटन का प्रावधान रहेगा जिसकी समीक्षा समय–समय पर की जायेगी। **परिशिष्ट–II** पर अनुमानित बजट का आकलन संलग्न है।

28. कार्यालय भवनों में जो भी कार्य (नया अथवा मरम्मति का) कराए जाएगें उनका रंगीन फोटोग्राफ के रूप में (A-4 पेपर पर) प्रिंट कर तिथिवार संचिका में संधारित किया जाएगा। यह संचिका उस कार्यालय का रहेगा जहाँ कार्य कराया जा रहा है।

29. वरीय पदाधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षण के बाद निरीक्षण प्रतिवेदन (**परिशिष्ट–III** पर संलग्न) को भी एक संचिका में संधारित की जाएगी, जिसमें तिथिवार इसे रखा जाएगा तथा नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा इनकी मासिक समीक्षा कर इस संचिका के टिप्पणी भाग में प्रभारी अभियंता को दिये गए निर्देश का उल्लेख करते हुए उसके अनुपालन की स्थिति को अंकित करेंगे ।

30. सिंचाई प्रक्षेत्रों के कार्यालयों के सुचारू संचालन/संधारण/सामान्य रख–रखाव पर व्यय होने वाली राशि को मांग संख्या–49 के अन्तर्गत स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के मुख्य शीर्ष–2700–मुख्य सिंचाई, उप मुख्य–शीर्ष–04– सिंचाई परियोजनाएं (वाणिज्यक) लघु शीर्ष–101– रख–रखाव और मरम्मत, उपशीर्ष–0001–अन्य रख–रखाव व्यय, विपत्र कोड–49–2700041010001 के विषय शीर्ष 27 02 अनुरक्षण एवं मरम्मत से भारित किया जाएगा।

31. बाढ़ प्रक्षेत्रों तथा मुख्यालय परिक्षेत्र के नियंत्रण वाले कार्यालयों के सुचारू संचालन/संधारण/सामान्य रख–रखाव व्यय होने वाली राशि की मांग संख्या–49 के अन्तर्गत स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के मुख्य शीर्ष–2711–बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकाय, उप मुख्य शीर्ष–01–बाढ़ नियंत्रण, लघु शीर्ष–103 सिविल निर्माण कार्य, उप शीर्ष–0002–अन्य रख–रखाव व्यय, विपत्र कोड–49–2711011030002 के विषय शीर्ष 27 02 अनुश्रवण एवं मरम्मत से भारित किया जाएगा।

32. संबंधित मुख्य अभियंता कार्यालयों के तीन वर्षीय रख–रखाव (कंडिका–27 से संबंधित) हेतु आवंटित राशि से किए गए कार्य एवं व्यय का पूर्ण विवरणी तथा कार्यालयों के अन्दर तथा बाहर का फोटोग्राफ संलग्न करते हुए अपने मंतव्य के साथ प्रतिवेदन संबंधित अभियंता प्रमुख के साथ–साथ संयुक्त सचिव (अभियंत्रण) को उपलब्ध करायेगें।

33. कार्यालयों में सामग्रियों का लेखा–जोखा रखने हेतु सामग्री पंजी (Material Register) संधारित की जाएगी जिसे नियमित रूप से अद्यतन कर नियंत्री पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह जांच कर हस्ताक्षर अंकित किया जाएगा।

34. कार्यालयों के वार्षिक सामान्य रख–रखाव पर होने वाले व्यय का लेखा–जोखा रखने हेतु व्यय पंजी संधारित की जाएगी। इस पंजी में प्रभारी कनीय अभियंता के द्वारा वित्तीय वर्ष में उपर्युक्त कंडिका–24 के प्रावधान के अन्तर्गत प्राप्त राशि के विरूद्ध किए गए

व्यय का ब्योरा दर्ज किया जाएगा, जिसका सत्यापन सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता करेगें। (अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता भी उनके अपने कार्यालय में हुए व्यय का सत्यापन करेगें)।

35. प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह के दूसरे सप्ताह में (मुख्यालय द्वारा संसूचित तिथि पर) सभी परिक्षेत्रों (वाल्मी सहित) के साथ मुख्यालय स्तर पर एक समीक्षात्मक बैठक होगी, जिसमें मानक संचालन प्रक्रिया के बिन्दुओं को समीक्षा की जा सकेगी।
अनु0–परिशिष्ट–I, II, III

15/3/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024
प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले० एवं ह०) /महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, वीरचन्द्र पटेल मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/3/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024
प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/3/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024
प्रतिलिपि – सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/3/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024
प्रतिलिपि – माननीय मंत्री के आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग /अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/3/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024

प्रतिलिपि – सभी अभियंता प्रमुख /सभी मुख्य अभियंता /सभी संयुक्त सचिव /सभी अधीक्षण अभियंता /सभी निदेशक /सभी संयुक्त निदेशक /सभी कार्यपालक अभियंता /सभी उप सचिव /सभी अवर सचिव, जल संसाधन विभाग /स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, काठमाण्डू (नेपाल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/3/24

(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 21/परिसम्पत्ति–14–01/2024– 152 पटना, दिनांक– 15.03.2024

प्रतिलिपि – कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को वेब–साईट पर अपलोड करने तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई–मेल के माध्यम से पत्र भेजने हेतु प्रेषित ।

15/3/24

(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

परिशिष्ट–I

कार्यालय एवं अन्य सम्बद्ध भवनों के सुचारू संचालन/संधारण/सामान्य रख–रखाव हेतु किये जाने वाले कार्यों की विवरणी (Work List)

1. कार्यालय भवनों की आंतरिक एवं बाह्य सुन्दरता सदैव अक्षुण्ण रखने के लिए नियमित रूप से रंगाई–पुताई की जायेगी (व्यापक रंगाई–पुताई प्रत्येक–03 (तीन) वर्षों पर की जायेगी, परन्तु कार्यालय भवन के बाहरी दीवार एवं कमरे तथा बरामदा को दाग–धब्बा रहित रखने हेतु बीच–बीच में भी Touch-up किया जायेगा।
2. कार्यालय भवनों के छत, दीवार, Ceiling, ड्रेन पाईप इत्यादि की मरम्मति कर इसे पूर्णरूपेण Leakage & Seepage रहित रखने की व्यवस्था की जायेगी।
3. कार्यालय परिसर को जल–जमाव मुक्त रखा जायेगा ।
4. सभी प्रसाधन कक्षों की नियमित दैनिक साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
5. कार्यालय भवनों के सभी कमरों, अतिथि हॉल, बरामदा, प्रसाधन का कमरा एवं शौचालयों में नियमित रूप से Pest Control किया जायेगा।
6. कार्यालय भवनों के सभी दरवाजों एवं खिड़कियों का सही ढंग से खुलना, बन्द होना सुनिश्चित किया जायेगा तथा इनकी नियमित सफाई की जायेगी।
7. कार्यालय भवनों के दरवाजों एवं खिड़कियों के टूटे हुए शीशों को अविलम्ब बदलना सुनिश्चित किया जायेगा।
8. कार्यालय भवनों के वॉश रूम एवं शौचालयों के सभी प्लम्बिंग कार्य को सही स्थिति में रखते हुए उन्हे Leakage Proof रखा जायेगा।
9. कार्यालय भवन में अग्निशमन हेतु Fire Extinguisher की व्यवस्था की जायेगी।
10. कार्यालय भवनों में प्राथमिक चिकित्सा उपचार किट (First Aid Box) की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
11. कार्यालय भवनों में चौबीस घण्टे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
12. कार्यालय भवनों के पानी की टंकी की सफाई वर्ष में कम से कम दो बार अनिवार्य रूप से की जाएगी। टंकी की सफाई के उपरांत टंकी पर सफाई की तिथि अंकित की जाएगी।

13. कार्यालय भवनों के सभी कमरों, बरामदे एवं परिसर में नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार कूड़ेदान की व्यवस्था की जाएगी।
14. कार्यालय भवनों में मकड़ी के जालों की सफाई नियमित रूप से की जाएगी।
15. कार्यालय भवनों में संधारित टेबल, कुर्सी आलमीरा इत्यादि को साफ–सुथरा एवं सही स्थिति में रखा जाएगा।
16. कार्यालय भवनों में शुद्ध पेयजल हेतु Water Purifier /RO कार्यरत अवस्था में रखा जाएगा तथा Water Purifier /RO की Candle इत्यादि को ससमय बदला जाएगा।
17. कार्यालय भवनों के सभी कमरों, किचनेट (kitchenette) वॉश रूम, शौचालयों आदि में प्रकाश (Light) की समुचित व्यवस्था की जाएगी।
18. किचनेट (पाकशाला) तथा शौचालयों में न्यूनतम् एक exhaust fan की व्यवस्था रहेगी।
19. कार्यालय भवनों में Wi-Fi/Mobile Charger/Laptop Charger प्लग की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
20. कार्यालय भवनों में सभी विद्युत उपकरणों यथा–पंखा, LED Bulb/LED Tube, Flood Light, and Air Conditioner इत्यादि को व्यवस्थित ढंग से चालू स्थिति में रखा जाएगा।
21. कार्यालय भवनों में जेनरेटर/इन्वर्टर को चालू हालत में रखा जाएगा।
22. कार्यालय भवनों के मुख्य द्वार पर कार्यालय भवन का नाम एवं स्थान का साईन बोर्ड को लगाया जायेगा एवं उस पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहेगी।
23. कार्यालय के मुख्य द्वारा पर सुरक्षा कर्मी का कमरा रहेगा तथा सुरक्षा कर्मी Uniform में रहेंगे।
24. कार्यालय भवनों के परिसर में कर्मियों/आगंतुकों के वाहनों को पार्क करने के स्थल को निर्धारित किया जाएगा।
25. सरकारी वाहनों के पार्किंग हेतु यथा संभव ट्रस संरचना का शेड रहेगा।
26. कार्यालय भवनों के परिसर को जल–जमाव मुक्त रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।
27. कार्यालय भवनों के परिसर में बागवानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

28. कार्यालय भवनों के परिसर में जीवंत बागवानी हेतु उर्वरक/जैविक खाद एवं कीटनाशक की व्यवस्था की जाएगी।

29. कार्यालय भवनों के परिसर में पौधों की कटाई–छटाई एवं रख–रखाव हेतु कृषि उपकरणों यथा–कुदाल, खुरपी, कैंची की व्यवस्था की जाएगी।

30. कार्यालय भवनों के परिसर में आवारा पशुओं के विचरण करने की रोक–थाम की व्यवस्था की जाएगी।

31. जिन कर्मियों को वर्दी देय है, वे वर्दी पहनकर कार्यालय में रहेगें।

32. कार्यालय में संचिकाएं एवं अन्य कागजात Indexing कर व्यवस्थित रूप से आलमारी में रखी जाएगी।

33. टेबल कुर्सी एवं अन्य उपस्कर आदि अच्छी स्थिति में संधारित रहेगें।

34. जीर्ण–शीर्ण कबाड़ वस्तुओं को कार्यालय भवन अथवा परिसर से निलामी करके हटाया जाएगा।

35. कार्यालय परिसर के जर्जर बने भवनों, गोदामों आदि को निलामी के माध्यम से हटाया जाएगा।

36. गोदामों में रखे सामानों को तिथिवार Proper stake (व्यवस्थित ढंग से)करके रखा जाएगा।

37. कार्यालय में यथासम्भव सौर ऊर्जा का संयत्र उर्जा विभाग से सम्पर्क कर लगाया जाएगा।

38. अस्थायी भवन में भी यथासम्भव सौर ऊर्जा संयत्र उर्जा विभाग से सम्पर्क कर लगाया जाएगा।

39. कार्यालयों के भवनों में SOP के अनुसार कार्य संबंधित सभी अभिलेखों को सही ढंग से रखने की व्यवस्था रहेगी।

40. कार्य स्थलों पर Portable Cabins में एक ऊँचा Table न्यूनतम 3'x4' का रखा जाएगा, जिस पर Drawing रख कर विचार विमर्श किया जा सके ।

41. कार्यालय भवनों के प्रवेश के स्थान पर भवन के अन्दर उसका उस तल्ले का ले–आउट प्लान दीवार पर लगाया जाएगा जिसमें आकस्मिकता (यथा भूकम्प/अग्नि आदि) के समय भवन से निकलने का रास्ता इंगित रहेगा।

42. भवन की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जायेगी ।

परिशिष्ट-।।

कार्यालय /अन्य सम्बद्ध भवनों के वार्षिक तथा त्रैवार्षिक रख–रखाव हेतु अनुमानित राशि					
क्रम सं०	मुख्य अभियंता परिक्षेत्र	कुल (Area) (Sq.ft)	वार्षिक रख–रखाव हेतु अनुमानित राशि	त्रैवार्षिक रख–रखाव हेतु अनुमानित राशि (वार्षिक रुप से आकलित)	अभ्युक्ति
			राशि (रु० में)	राशि (रु० में)	
1	2	5			8
1	**बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण**				
	मु0अभि0 पटना	14088.03	542747.40	469601.00	
	मु0अभि0 गोपालगंज	2018964.55	72793260.62	67298818.25	
	मु0अभि0 मुजफ्फरपुर	166769.72	582241.20	393807.33	
	मु0अभि0 समस्तीपुर	133315.86	6384406.79	4074213.03	
	मु0अभि0 वीरपुर	528221.95	19578956.55	1211318.17	
	मु0अभि0 कटिहार	43327.96	1907578.08	1444265.33	
	योग	**2904688.07**	**101789190.64**	**74892023.12**	
2	**मु0अभि0 सिंचाई सृजन**				
	मु0अभि0 सीवान	130107.55	5748083.64	4336918.33	
	मु0अभि0 मोतिहारी	259777.33	11272720.92	8659244.30	
	मु0अभि0 दरभंगा	131160.61	5708373.90	4372020.33	
	मु0अभि0 सहरसा	151632.86	6501509.14	5054428.53	
	मु0अभि0 भागलपुर	55140.00	2665884.00	1838000.00	
	मु0अभि0 बिहारशरीफ	61077.63	2364851.28	2035921.00	
	मु0अभि0 गया	28222.13	1412856.24	942804.33	
	मु0अभि0 औरंगाबाद	71468.06	3011937.41	2382268.53	
	मु0अभि0 डिहरी	222048.06	9148029.54	7401602.00	
	निदेशक, क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय,	3534.23	169643.04	117807.67	
	शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल–2, खगौल	107700.00	3877200.00	3590000.00	
	योग	**1221868.45**	**51881089.10**	**40731015.03**	
3	वाल्मी	**138562.10**	**5236468.80**	**4618736.67**	
4	यॉत्रिक	0	0.00	0.00	

परिशिष्ट–III

जल संसाधन विभाग के कार्यालय भवन /अन्य सम्बद्ध भवन का पदाधिकारियों द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण का चेकलिस्ट (Inspection, Checklist) का प्रपत्र।

कार्यालय भवन/सम्बद्ध भवन का नाम–				
निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम–				
निरीक्षण की तिथि–				
क्र0सं0	कार्यालय भवन/ अन्य सम्बद्ध भवन के रख–रखाव से संबंधित मदों की विवरणी	हाँ (Yes)	नहीं (No)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1	क्या कार्यालय भवन की नियमित रंगाई–पुताई की गयी ?			
2	क्या कमरों, शौचालयों की दीवार या छत में Seepage दिखता है ?			
3	क्या प्रसाधन कक्षों की नियमित दैनिक साफ–सफाई परिलक्षित हो रही है ?			
4	क्या कार्यालय भवन दरवाजे एवं खिड़कियाँ सही ढंग से खुलते और बन्द होते हैं ?			
5	क्या कार्यालय भवन के दरवाजों एवं खिड़कियों के शीशे, प्लाईवुड, लकड़ी टूटे हुए हैं ?			
6	क्या कार्यालय भवन एवं शौचालयों के नलों एवं पाईपलाईन में Leakage है ?			
7	क्या छोटा अग्निशमन संयंत्र दिखा ?			
8	क्या चौबीस घण्टे पानी उपलब्ध है ?			
9	क्या कमरे, शौचालय तथा परिसर साफ सुथरे हैं ?			
11	क्या कमरों में कूड़ादान है ?			
12	क्या फर्नीचर साफ–सुथरा है ?			
13	क्या कार्यालय भवन में प्राथमिक उपचार किट (First Aid Box) है ?			
14	क्या कार्यालय भवन के सभी कमरों, किचनेट (kitchenette) वॉश रूम, शौचालयों आदि में प्रकाश (Light) की समुचित व्यवस्था है ?			
15	क्या कार्यालय भवन में Wi-Fi/Mobile Charger/Laptop Charger प्लग की उपलब्धता है ?			
16	क्या कार्यालय भवन में सभी विद्युत उपकरण यथा–पंखा, LED Bulb/LED Tube, Flood Light, and Air Conditioner इत्यादि व्यवस्थित ढंग से चालू स्थिति में है ?			
17	क्या कार्यालय भवन में जेनरेटर/इन्वर्टर चालू हालत में है ?			
18	क्या कार्यालय भवन के मुख्य द्वार पर कार्यालय भवन का नाम एवं स्थान का साईन बोर्ड को लगाया गया है, उस पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था है ?			
19	क्या कार्यालय के मुख्य द्वार पर सुरक्षा कर्मी का कमरा है तथा सुरक्षा कर्मी Uniform में है ?			
20	क्या कार्यालय भवन में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है ?			
21	क्या पेय जल हेतु Water Purifier का पानी उपलब्ध है ?			
22	क्या कार्यालय भवन में संचिकाएं एवं अन्य कागजात Indexing कर व्यवस्थित रूप से आलमारी में संधारित है ?			
23	क्या AC/Blower चालू मिला ?			
24	क्या वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था है ?			
25	क्या परिसर साफ–सुथरा है ?			
26	क्या कार्यालय भवन परिसर की बागवानी जीवंत/अच्छी है ?			
27	क्या परिसर में आवारा पशु थे ?			
28	क्या चहारदीवारी सही स्थिति में है ?			
29	क्या चहारदीवारी रंग–रोगन के साथ पाया गया ?			
विशेष सुझाव–(यदि है तो) :–				

निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर

ANNEXURE VII(C)

पत्रांक-20/स्था०प्र०व्यय (बजट)-02-01/2023- 07

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

संजीव शैलेश,
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख /सभी मुख्य अभियंता /सभी अधीक्षण अभियंता /सभी निदेशक/ सभी संयुक्त निदेशक /सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग ।
सम्पर्क पदाधिकारी, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, पोस्ट बॉक्स सं०-307, काठमाण्डु, नेपाल ।
स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, बिहार सदन, कमरा सं०-203, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110075 ।

पटना, दिनांक - 15-04-2024

विषय – विभागीय वाहन तथा भाड़े के वाहन का व्यय स्थापना मद से भारित करने के संबंध में ।
प्रसंग – विभागीय पत्रांक 20/स्था०प्र०व्यय (बजट)-02-01/2023-35 दिनांक 08.09.2023 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में विभागान्तर्गत सभी मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता तथा अकार्य कोटि के प्रमण्डल कार्यालयों में उपलब्ध विभागीय वाहनों का व्यय स्थापना मद के अन्तर्गत विषयशीर्ष 13 02 वाहन का इंधन एवं रख-रखाव तथा भाड़े के वाहनों (इंधन सहित) का व्यय विभागीय स्वीकृति के उपरान्त विषयशीर्ष 13 10 भाड़े की गाड़ी का भुगतान से किया जाता है ।

विभागीय आदेश संख्या-1/पी०एम०सी०/विविध/149/2002-253 दिनांक 15.03.2024 के द्वारा नहर संचालन तथा रख-रखाव हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) निर्गत है, जिसकी कण्डिका 4 vi में उल्लेख है कि कार्यों के निरीक्षण हेतु उपयोग किये जाने वाले सरकारी वाहन तथा भाड़े के वाहन पर होने वाला व्यय स्थापना मद के तहत भारित होगा ।

निदेशानुसार सभी विभागीय वाहनों एवं भाड़े के वाहनों पर होने वाले व्यय के संबंध में दिशा निदेश निम्नवत है :-

1. सभी विभागीय वाहनों का व्यय स्थापना मद के 13 02 वाहन का इंधन एवं रख-रखाव विषयशीर्ष से भारित किया जायेगा ।
2. भाड़े पर रखे गये सभी वाहनों का व्यय 13 10 भाड़े के गाड़ी का भुगतान विषयशीर्ष से भारित किया जायेगा ।
3. विभागीय कार्यों के लिए वाहन (सरकारी /भाड़ा) की वार्षिक गणना निम्नानुसार की जायेगी :-

(क)	मुख्य अभियन्ता	–	एक वाहन 12 महीने के लिए
(ख)	अधीक्षण अभियन्ता	–	एक वाहन 12 महीने के लिए
(ग)	कार्यपालक अभियन्ता	–	एक वाहन 12 महीने के लिए
(घ)	सहायक अभियन्ता (कार्य अवर प्रमण्डलों में पदस्थापित)	–	01 जून से 31 अक्टूबर तक के लिए (5 महीने) (प्रत्येक कार्यरत सहायक अभियन्ता हेतु एक वाहन) 01 नवम्बर से 31 मई तक के लिए (7 महीने) (दो कार्यरत सहायक अभियन्ता हेतु एक वाहन)

4. वाहनों की गणना में 0.5 को अगला पूर्ण अंक माना जायेगा ।
5. अंचल /प्रमण्डल स्तर से तैयार अधियाचना प्रस्ताव मुख्य अभियन्ता द्वारा जाँचोपरान्त अनुशंसा के साथ विभाग में समर्पित किया जायेगा ।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त कण्डिका में दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

विश्वासभाजन

(संजीव शैलेश 15/4/24
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

विभागीय वेबसाईट पर प्रसारित ।

ANNEXURE VII(D)

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग।
आदेश

आदेश संख्या–02/क्रय–03–06/2023 पार्ट–1– 43 /पटना, दिनांक– 29-01-2024

जल संसाधन विभाग द्वारा बाढ़ अवधि के दौरान आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराया जाता है, जिसमें सामान्यतः विभाग द्वारा क्रय किये गये बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों यथा नये खाली सीमेंट बोरों, नन वोभन जियो बैग, नन वोभन मेगा जियो बैग, नायलन क्रेट, जी0टी0 फिल्टर, बी0ए0 वायर एवं पी0 पी0 रोप गैबियन इत्यादि का उपयोग किया जाता है। विभाग द्वारा बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के कोटेशन आमंत्रण सूचना में गुणवत्ता अवयवों, आपूरित बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के गुणवत्ता जाँच हेतु अपनाये जाने वाले आवश्यक प्रक्रिया, बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के गुणवत्ता एवं विशिष्टि के मानकों की समीक्षा, आपूरित सामग्रियों के गुणवत्ता जाँचफल निर्धारित विशिष्टि से प्रतिकूल रहने की स्थिति में नियम का निर्धारण एवं बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों की गुणवत्ता जाँच के लिए आवश्यक जाँच उपकरणों की उपलब्धता पर आवश्यक निर्णय से संबंधित नियम के निर्धारण हेतु गठित समिति एवं हाई लेवल तकनीकी टीम की अनुशंसा के आलोक में निम्न आदेश संसूचित किये जाते है :–

1. बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के कोटेशन आमंत्रण सूचना में इसके गुणवत्ता अवयवों एवं अन्य कंडिकाओं का पुनरीक्षण –

i. बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के क्रय हेतु कोटेशन/निविदा का आमंत्रण :–

आगामी बाढ़ वर्ष के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों में उपयोग होने वाले बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के क्रय हेतु प्रत्येक वर्ष के दिसम्बर माह में कोटेशन/निविदा आमंत्रित किया जाय, ताकि कार्यावंटन के पश्चात आपूर्तिकर्त्ताओं को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप सामग्रियों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इसके लिए आवश्यक है कि बाढ़ अवधि समाप्त होते ही नवम्बर के दूसरे सप्ताह तक सामग्रियों की आवश्यकता से संबंधित आँकड़े/अधियाचना मुख्य अभियंता (बाढ़ परिक्षेत्र) द्वारा विभाग को उपलब्ध करा दिया जाय।

ii. बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता का निबंधनः–

बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं (Manufacturers) के जल संसाधन विभाग, बिहार में निबंधन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय। सामग्रियों के आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता जल संसाधन विभाग, बिहार में निबंधित रहने पर कोटेशन/निविदा में भाग ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता MSME (Micro, Small & Medium

Enterprises) के रूप में Central Government Organisation/ State Government Organisation /NSIC (National Small Industry Corporation) में निबंधित रहने पर भी कोटेशन/निविदा में भाग लेंगे, लेकिन संबंधित सामग्री के आपूर्ति कार्य के लिए Letter of acceptance (LOA) निर्गत हो जाने के बाद एवं एकरारनामा के पूर्व उन्हें जल संसाधन विभाग, बिहार में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा।

iii. <u>बाढ़ सघर्षात्मक कार्य में उपयोग होने वाले सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा/कोटेशन में सामग्रियों की गुणवत्ता से संबंधित प्रावधान का निर्धारण:–</u>

(क) कोटेशनदाता को प्रत्येक सामग्रियों के तीन–तीन नमूनों एवं NABL से मान्यता प्राप्त स्टैण्डर्ड संस्था/प्रयोगशाला से उक्त नमूनों का गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन निदेशक, क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना के कार्यालय में कोटेशन आमंत्रण सूचना के अनुरूप निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा करना अनिवार्य होगा।

वर्त्तमान में लागू उपरोक्त प्रावधान के अतिरिक्त कोटेशनदाताओं/निविदाताओं द्वारा जमा किये गये नये खाली सीमेंट बोरों, नन वोभन जियो बैग, नन वोभन मेगा जियो बैग, नायलन क्रेट, जी0टी0 फिल्टर, बी0ए0 वायर एवं पी0 पी0 रोप गैबियन इत्यादि के नमूनों की जाँच विभागीय स्तर से निदेशक, क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, पटना के माध्यम से जियो टेक्सटाइल जाँच प्रयोगशाला, शोध संस्थान, खगौल, पटना से करायी जायेगी एवं प्राप्त गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति/विभागीय क्रय समिति के समक्ष तकनीकी बीड के विचारार्थ उपस्थापित किया जायेगा। तकनीकी बीड में सफल/असफल होने के लिए प्राप्त गुणवत्ता जाँचफल भी एक आधार होगा।

(ख) नये खाली सीमेंट बोरों, जियो बैग, मेगा जियो बैग, जी0टी0 फिल्टर, बी0ए0 वायर्स एवं पी0 पी0 रोप गैबियन के लिए सभी निर्माता कम्पनी के पास BIS निबंधन का होना माह दिसम्बर, 2024 से आमंत्रित कोटेशन/निविदा हेतु अनिवार्य होगा।

(ग) शोध एवं प्रशिक्षण अंचल, खगौल, पटना एवं क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, पटना के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवर्ष तकनीकी बीड में सभी अहर्ताओं को पूर्ण करने वाले निर्माता कम्पनियों के फैक्ट्री का एक सप्ताह के अन्दर स्थल निरीक्षण कर फैक्ट्री स्तर पर सामग्रियों के विनिर्माण (manufacturing) के लिए यंत्र–संयंत्र, क्षमता एवं सामग्री की गुणवत्ता जाँच की व्यवस्था के सम्बन्ध में आत्मभारित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जायेगा।

2. <u>आपूरित बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के गुणवत्ता जाँच हेतु अपनायी जाने वाली आवश्यक प्रक्रिया का निर्धारण</u> :–

क) मुख्य अभियंता (बाढ़ परिक्षेत्र) के संबंधित गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल द्वारा उस परिक्षेत्र के consignee प्रमंडलों तथा असंबद्ध प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता/कनीय अभियंता तथा आपूर्तिकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में निम्नांकित के अनुरूप नमूनों का संग्रह Randomly नियमानुसार किया जाय तथा साथ ही नमूना संग्रह का Videography भी कराया जाय :–

i) नया खाली सीमेंट बोरा :–	प्रत्येक कनसाईनमेंट (लॉट) से 20 अदद (आई0 एस0 कोड 11652 के अनुरूप)
ii) नन वोभन जियो बैग :–	क) 12500 तक लॉट से 03 अदद ख) 12501 से 25000 तक लॉट से 06 अदद ग) 25001 से 50000 तक लॉट से 09 अदद
iii) नन वोभन मेगा जिया बैग :–	क) 25000 तक लॉट से 03 अदद ख) 25000 के ऊपर लॉट से 06 अदद
iv) नायलन क्रेट :–	क) 1000 तक लॉट से 10 अदद ख) 1001 से 5000 तक लॉट से 20 अदद ग) 5000 के ऊपर लॉट से 30 अदद
v) जी0 टी0 फिल्टर :–	(1 मी0 लम्बा x 1 मी0 चौड़ा)
vi) पी0 पी0 रोप गैबियन	(1.80 मी0 x 1.80 मी0 x 0.5 मी0) क) 25000 तक लॉट से 03 अदद ख) 25000 के ऊपर लॉट से 06 अदद
vii) पी0 पी0 रोप गैबियन	(1.80 मी0 x 1.20 मी0 x 0.5 मी0) क) 25000 तक लॉट से 03 अदद ख) 25000 के ऊपर लॉट से 06 अदद

ख) नमूनों का संग्रह इस तरह किया जाय कि वह पूर्ण आपूरित सामग्रियों का प्रतिनिधित्व करे। नये खाली सीमेंट बोरों, जियो बैग, मेगा जियो बैग, नायलन क्रेट, जी0 टी0 फिल्टर, बी0 ए0 वायर एवं पी0 पी0 रोप गैबियन की गुणवत्ता की जाँच बाढ़ परिक्षेत्र के संबंधित गुण नियंत्रण (बाढ़ एवं जल निस्सरण) प्रमंडल स्थित प्रयोगशाला में की जायेगी। लेकिन बाढ़ परिक्षेत्र के संबंधित गुण नियंत्रण (बाढ़ एवं जल निस्सरण) प्रमंडल स्थित प्रयोगशाला में जाँच की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने पर उपरोक्त सामग्रियों की गुणवत्ता जाँच नजदीकी गुण नियंत्रण प्रमंडल स्थित प्रयोगशाला में की जायेगी। नजदीकी गुण नियंत्रण प्रमंडल के प्रयोगशाला में सामग्रियों की गुणवत्ता जाँच नहीं हो पाने की स्थिति में ही जियो टेक्सटाइल जाँच प्रयोगशाला, शोध संस्थान, शोध भवन, पटना में की जाय। गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन विशिष्टि के अनुरूप नहीं होने पर सामग्रियों की आपूर्ति नहीं ली जाय। पूर्व की भाँति उड़नदस्ता द्वारा कार्य स्थल से संग्रह किये गये बाढ़ सामग्रियो के नमूनों की गुणवत्ता जाँच का प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराया जायेगा।

ग) गुणवत्ता के लिए 20 प्रतिशत राशि अवरूद्ध रखी जायेगी, जिसे विशिष्टि के अनुरूप गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद विमुक्त किया जायेगा।

3. बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के गुणवत्ता एवं विशिष्टि के मानकों की समीक्षा :–

क) नये खाली सीमेंट बोरों (HDPE/PP Woven Bag) की विशिष्टि वर्त्तमान में I.S-11652 : 2000 में निर्धारित मानकों के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त बोरों की लम्बाई बॉटम सीम से खुला अंतिम छोर तक 76 सेंटी मीटर रखी जाय।

ख) मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना की अध्यक्षता में गठित तकनीकी टीम द्वारा दिनांक 30.09.2023 के 1.2 घन फीट स्थानीय बालू के 25 बोरों को 1m x1m x1m के नायलन क्रेट एवं 1.2m x 1.0m x 1.0m के नायलन क्रेट में रखकर जाँच की गयी। 1.2 घन फीट स्थानीय बालू के 25 बोरो को 1m x1m x1m के नायलन क्रेट में रखा जाना कठिन पाया गया। यद्यपि 1.2 घन फीट स्थानीय बालू के 25 बोरो को 1.2m x 1.0m x 1.0m के नायलन क्रेट में रखा जाना सुविधाजनक पाया गया।

अतः बाढ़ सुरक्षात्मक/संघर्षात्मक कार्य की महत्ता एवं Workability को ध्यान में रखते हुए नायलन क्रेट की वर्तमान विशिष्टि बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य एवं बाढ़ संघर्षात्मक कार्य हेतु निम्नवत् परिवर्तित की जाती है :–

नायलन क्रेट की वर्त्तमान विशिष्टि (1m x1m x1m) with 20 cms. mesh of specification 1260/3/4/2 (i.e having 24 nos. of threads) of weight 165 Grams (±) 5 Grams.

नायलन क्रेट की परिवर्तित विशिष्टि (1.2m x 1.0m x 1.0m) with 20 cms ± 1 cm mesh of specification 1260/3/4/2 (i.e having 24 nos. of threads) of weight 187 Grams (±) 5 Grams.

वर्तमान में नायलन क्रेट का Physical properties ही राज्य स्तरीय अनुसूचित दर निर्धारण समिति द्वारा अनुमोदित है। नायलन क्रेट का chemical properties एवं mechanical properties प्राप्त करते हुए इसकी विशिष्टि राज्य स्तरीय अनुसूचित दर निर्धारण समिति से निर्धारित किया जाय।

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्रो में पूर्व से स्टॉक/गोदाम में उपलब्ध नायलन क्रेट एवं अन्य बाढ़ सामग्रियो का उपयोग पहले किया जाय। पूर्व के वर्षो की सामग्री समाप्त होने पर ही नये आपूरित सामग्रियो को व्यवहार में लाया जाय।

ग) नन वोभन जियो बैग एवं नन वोभन मेगा जियो बैग की विशिष्टि IS Code 16653: 2017 के Type-1 के अनुरूप होगी।

घ) बी0 ए0 वायर्स (3.15 mm dia) की विशिष्टि I.S 280 : 2006 के अनुरूप व्यास 3.15 mm ± 0.015mm तथा Tensile Strength 500 MPa (Max.) होगा।

ड.) पी0 पी0 रोप गैबियन (1.8m x 1.8m x 0.5m & 1.8m x 1.2m x 0.5m) की विशिष्टि राज्य स्तरीय अनुसूचित दर निर्धारण समिति द्वारा अनुमोदित है, जिसे यथावत रखी जाय।

च) जी0 टी0 फिल्टर की विशिष्टि केन्द्रीय जल आयोग के द्वारा निर्गत गाईड लाईन Handbook of Flood Protection, Anti erosion & River training works के अनुसार रखा जाय।

4. <u>आपूरित सामग्रियों के गुणवत्ता जाँचफल निधारित विशिष्टि से प्रतिकूल रहने की स्थिति में नियम का निर्धारण :–</u>

आपूरित सामग्रियों के गुणवत्ता जाँचफल निर्धारित विशिष्टि के अनुरूप नहीं होने की स्थिति में गुणवत्ता के लिए 20 प्रतिशत अवरूद्ध राशि एवं क्रयादेशित राशि के विरूद्ध जमा जमानत की राशि को जब्त की जायेगी। साथ ही आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 एवं समय समय पर संशोधित आदेश के तहत कार्रवाई की जायेगी।

5. <u>सभी गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों में आवश्यक जाँच उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा :–</u>

सभी गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडलों में गुणवत्ता की जाँच हेतु आवश्यक उपकरणों के क्रय एवं अधिष्ठापन की कार्रवाई मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रुपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना के माध्यम से की जायेगी।

6. उपरोक्त पर माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

7. इस संबंध में पूर्व से निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

29/01/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक–02/क्रय–03–06/2023 पार्ट–1– 43 /पटना, दिनांक– 29-01-2024

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन/अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/ अपर सचिव, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)/संयुक्त सचिव (प्रबंधन)/सभी मुख्य अभियंता (यांत्रिक सहित), जल संसाधन विभाग/ निदेशक, वाल्मी, पटना/संयुक्त निदेशक, FMISC, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4, पटना/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण, योजना एवं मोनिटरिंग अचंल, पटना/अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता अंचल–1/2, पटना/संयुक्त सचिव, काडा, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/01/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक–02/क्रय–03–06/2023 पार्ट–1– 43 /पटना, दिनांक– 29-01-2024

प्रतिलिपि :– निदेशक, क्रय भण्डार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना को आदेश के अनुरूप अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/01/24
(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक–02/क्रय–03–06/2023 पार्ट–1– 43 /पटना, दिनांक– 29-01-2024

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव/ अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

29/01/24

(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक–02/क्रय–03–06/2023 पार्ट–1– 43 /पटना, दिनांक– 29-01-2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

29/01/24

(संजीव शैलेश)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)